www.tamsasanket.com
वर्ष: 30|| अंक 43 ||अम्बेडकरनगर
सोमवार
04 मई 2026||पृष्ठ: 08||मूल्य: ₹ 2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:27
सूर्यास्त: 06:40
अधिकतम: 28:00
न्यूनतम: 23:00



» पेज 07

विशेष समाचार अपने लाभ के लिए भारत की... » पेज 04 | 500-500 के नोट बिछाकर... » पेज 06 | घायल फैन का प्रीति जिंटा ने...

## बंगाल में आज सभी सीटों के नहीं आएंगे नतीजे, चुनाव आयोग का फैसला आया आड़े

# बंगाल की फालटा सीट पर फिर से होगा मतदान

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे कल घोषित होने वाले हैं, लेकिन इस बार राज्य की सभी 294 सीटों के परिणाम एक साथ नहीं आएंगे. दक्षिण 24 परगना की फलता विधानसभा सीट पर चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल को हुई भारी हिंसा और ईवीएम में गड़बड़ी के आरोपों के बाद पुनर्मतदान का आदेश दिया है. अब यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग होगी। इसलिए, कल 293 सीटों के नतीजे ही जारी किए जाएंगे.**

**आदेश**

- **मगराहाट पश्चिम में बूथ संख्या 46, 126, 127, 128, 142, 214, 215, 216, 230, 231 और 232 पर दोबारा से वोट डाले गए. साथ ही डायमंड हार्बर सीट के बूथ संख्या 117, 179, 194 और 243 पर भी दोबारा मतदान कराया गया.**



तमसा संकेत, एजेंसी

पश्चिम बंगाल । सोमवार को मतगणना का दिन आ पहुंचा है. पूरे देश की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या तृणमूल कांग्रेस सत्ता में अपनी दमदार वापसी करेगी, या फिर बीजेपी ऐतिहासिक जीत दर्ज कर सरकार बनाएगी. 294 विधानसभा सीटों वाले इस राज्य में बहुमत का आंकड़ा जादुई है, लेकिन इस बार मतगणना के दिन एक बड़ा ट्विस्ट है. कल जब ईवीएम खुलेंगी और रुझान आने शुरू होंगे, तब 294 में से एक सीट के नतीजे बाकी सीटों के साथ घोषित नहीं किए जाएंगे. दक्षिण 24 परगना जिले की हाई-प्रोफाइल फलता विधानसभा सीट पर कल वोटों की गिनती नहीं होगी. चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के मतदान के दौरान इस क्षेत्र में हुई गंभीर चुनावी गड़बड़ियों और हिंसक घटनाओं का संज्ञान लेते हुए यहां पुनर्मतदान (री-पोलिंग) का कड़ा आदेश दिया है।

» (शेष पेज 06 पर)

### 2 मई को इन पोलिंग बूथ पर हुई रि-वोटिंग

इससे पहले शनिवार यानी 2 मई को दक्षिण 24 परगना जिले की दो विधानसभा सीटों के 15 मतदान केंद्रों पर शनिवार को दोबारा से वोटिंग हुई. शाम 5 बजे तक 15 बूथों पर औसत मतदान प्रतिशत 86.90 दर्ज किया गया. मगराहाट (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत 86.11 रहा. वहीं, डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के 4 बूथों पर यह आंकड़ा 87.60 प्रतिशत दर्ज किया गया. अंतिम मतदान प्रतिशत का आधिकारिक आंकड़ा शनिवार देर रात या रविवार सुबह जारी किया जा सकता है।

### ईवीएम पर सफेद टेप का विवाद और सोशल मीडिया का बवाल

फलता में चुनावी धांधली का सबसे बड़ा और चर्चित मामला ईवीएम पर टेप लगाए जाने का था. बीजेपी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया. दावा किया कि फलता विधानसभा सीट के बूथ नंबर 144 और 189 में ईवीएम पर बीजेपी के चुनाव चिह्न को एक सफेद टेप से पूरी तरह से ढक दिया गया था. इस हरकत का सीधा मकसद बीजेपी के मतदाताओं को भ्रमित करना और उन्हें अपना वोट डालने से रोकना था. अमित मालवीय और बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने इस वीडियो को चुनाव आयोग के सामने मुख्य सबूत के तौर पर पेश किया और इन बूथों पर तत्काल प्रभाव से पुनर्मतदान की कड़ी मांग की।

» (शेष पेज 06 पर)

### देश के इतिहास में पहली बार इतना हुआ मतदान

इससे पहले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को रिकॉर्ड मतदान हुआ था. दोनों चरणों में औसत मतदान प्रतिशत 93 फीसदी तक पहुंच गया, जो आजादी के बाद राज्य में सबसे अधिक बताया जा रहा है. देशभर में सबसे ज्यादा मतदान का पिछला रिकॉर्ड त्रिपुरा के नाम है. 2013 विधानसभा चुनाव में 91.82 फीसदी मतदान हुआ था।



### बीजेपी ने लगाया था आरोप, कहा था- पार्टी के चुनाव चिन्ह को टेप से ढंक दिया था

29 अप्रैल को फालटा में वोटिंग चल रही थी. तब फालटा से चौंकाने वाली खबर आई थी. इस विधानसभा सीट पर बीजेपी ने आरोप लगाया था कि कुछ बूथ पर ईवीएम पर बीजेपी के चुनाव चिन्ह कमल छाप को टेप से ढक दिया गया. इस पूरे मामले पर चुनाव आयोग से अविलंब हस्तक्षेप की मांग की गई थी। हालांकि, झड़प और गड़बड़ियों की खबर के बाद फालटा विधानसभा सीट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी. यहां कुछ बूथ पर झड़प और ईवीएम में टेप लगाने की शिकायत आई थी. तब अर्धसैनिक बलों की पेट्रोलिंग और बूथों की निगरानी को बढ़ा दिया गया था. बीजेपी ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाए थे. यहां सीएपीएफ के जवान बूथ का लगातार दौरा कर रहे थे. साथ ही जवान अनाउंसमेंट भी कर रहे थे. इसके अलावा उस समय फालटा में सायरन वाले वाहनों और अतिरिक्त जवानों के मूवमेंट को भी बढ़ा दिया गया था।

## रेसलर विनेश फोगाट बोलीं-मैं भी बृजभूषण के शोषण की पीड़ित

पानीपत। ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ (WFI) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा है।

आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कॉम्पिटीशन लड़ना मुश्किल होगा। मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100% दे पाऊंगी। एक लड़की के लिए ये काफी मुश्किल होगा।

मैं और मेरी टीम कॉम्पिटीशन लड़ेगी, अगर किसी के साथ कुछ गलत होता है तो इसकी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी।

## भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट 'दृष्टि' हुआ लॉन्च

### ऑप्टिकल और रडार दोनों से फोटो ले सकता है

**सफलता**

तमसा संकेत, एजेंसी



- **दृष्टि से हर मौसम में सैटेलाइट इमेजिंग होगी**
- **भारत के लिए खास है दृष्टि की टेक्नोलॉजी**

नई दिल्ली। भारतीय स्टार्टअप गैलेक्सआई ने रविवार को अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से अपना पहला सैटेलाइट 'दृष्टि' लॉन्च किया। 190 किलो वजन के साथ दृष्टि भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट है।

दृष्टि सैटेलाइट एक साथ ऑप्टिकल और रडार (SAR) दोनों से फोटो ले सकता है। अब तक दुनिया के सैटेलाइट या तो मल्टी-स्पेक्ट्रल / हाइपर-स्पेक्ट्रल (ऑप्टिकल) इमेज लेते थे या SAR तकनीक का इस्तेमाल करते थे। ऑप्टिकल इमेज साफ और समझने में आसान होती हैं। SAR यानी सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक बादलों, बारिश या रात में भी इमेजिंग कर सकती है। गैलेक्सआई ने टेक्नॉलजी को Opto-SAR नाम दिया है।

» (शेष पेज 06 पर)

# 'कोई जन स्वास्थ्य के साथ नहीं कर पाएगा खिलवाड़'

### सीएम योगी ने खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग में सफल अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**सराहना**

हेमन्त कृष्ण



तमसा संकेत, लखनऊ। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के 357 कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों के चेहरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खुशी से दमक उठे। उन्होंने योगी सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना की। कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) के पद पर चयनित औरैया के प्रतीक कुमार दीक्षित ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि समयबद्ध तरीके से चयन प्रक्रिया पूरी होना युवाओं के लिए बड़ी राहत है। प्रतीक ने यह भी कहा कि पहले प्रयोगशालाओं की संख्या कम थी, लेकिन योगी सरकार ने लैब बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं।

» (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### लोअर कोर्ट के जज ने सुसाइड किया

नई दिल्ली। दिल्ली में कड़कड़डूमा लोअर कोर्ट में तैनात एक न्यायिक अधिकारी अमन कुमार शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस और मीडिया को दिए बयान में उनके एक रिश्तेदार ने बताया कि उन्होंने पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

**अलर्ट मौसम**

### राजस्थान में आंधी-बारिश से 3 मौतें, यूपी में ओले गिरे

भोपाल/ लखनऊ/ जयपुर/ देहरादून। यूपी, बिहार, हरियाणा और उत्तराखंड समेत देश के कई राज्यों में रविवार सुबह से बारिश हो रही है। राजस्थान के जयपुर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। शनिवार को जयपुर, टोंक और अजमेर में 3 लोगों की आंधी-बारिश से मौत हो गई थी। उत्तराखंड के देहरादून में सुबह से तेज बारिश हो रही है। बारिश से पहले पूरा शहर काले घने बादलों से घिर गया। इससे दिन में शाम जैसा माहौल हो गया। हरियाणा के अंबाला में भी बारिश हुई, जिससे कई कॉलोनियों में पानी भर गया है।

### काउंटिंग ड्यूटी की जानकारी लीक हो रही :सुवेंदु अधिकारी

कोलकाता/नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल में सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि काउंटिंग ड्यूटी पर तैनात कई अधिकारी अपनी ड्यूटी, लोकेशन और पद की जानकारी अपने विभागीय संगठनों और एसोसिएशन को शेयर कर रहे हैं। उन्होंने इसे नियमों के खिलाफ बताया।

## टॉपर्स को लैपटॉप देकर किया गया सम्मानित

### मुफ्त शिक्षा का वादा दोहराया : अखिलेश यादव

**कार्यक्रम**

अरमान



- **लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में मेधावी छात्रों को सम्मान केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का ऐलान, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को सराहा**

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर्स को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की।

अखिलेश यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा में मिली सफलता को आगे भी बनाए रखें और अपने ज्ञान से समाज के अन्य लोगों को भी लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

» (शेष पेज 06 पर)

### देश की पहली स्पेस सिटी जल्द आंध्र में इसी महीने से आकार लेगी

अमरावती । यदि सबकुछ योजना के अनुसार हुआ तो इसी महीने देश की पहली स्पेस सिटी बननी शुरू हो जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने पिछले साल इसका आइडिया सामने रखा था। उनकी सरकार अब इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर चुकी है। इस 'अंतरिक्ष शहर' में न केवल सैकड़ों छोटी कंपनियां रॉकेट के पुर्जे, सेंसर बनाएंगी, बल्कि स्काईरूट, कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स, एचएफसीएल जैसी बड़ी कंपनियां दुनियाभर के लिए प्राइवेट रॉकेट बनाकर देंगी। सरकार ने यहां 570 एकड़ का स्टार्टअप एक्टिवेशन जोन बनाया है, जिसमें अग्निकुल, कॉसमॉस, पिक्सेल जैसे स्पेस स्टार्टअप भविष्य की अंतरिक्ष संभावनाओं को आकार देंगे। यह सिटी गगनयान जैसे भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों के लिए बेस कैंप का काम करेगी।

## इनमें डेढ़ साल का बच्चा शामिल, 15 लोग बचाए गए, एसी में ब्लास्ट की आशंका

# दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 लोगों की मौत



**दर्दनाक**

तमसा संकेत, एजेंसी



हादसे के वीडियो में बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर से आग की लपटें उठती दिखाई दीं।

नई दिल्ली । दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। 4 घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग के अंदर फंसे 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों के शव बिल्डिंग के अलग-अलग फ्लोर से बरामद किए गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि कुछ शव इतने बुरे तरह जल चुके हैं कि सिर्फ कंकाल बचा है। DNA टेस्ट के बाद ही मृतकों का पता चल पाएगा।

» (शेष पेज 06 पर)

### बिल्डिंग के पिछले हिस्से से ज्यादातर शव मिले

दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग के हर फ्लोर पर दो 4BHK फ्लैट हैं। आग बिल्डिंग के पिछले हिस्से में लगी थी और वहीं सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। 6 फ्लैट्स का सामान जल गया। DFS के मुताबित, खिड़कियों और बालकनी पर ग्रिल और लोहे की रॉड लगी थीं, जिससे रेस्क्यू में दिक्कत आई। फिर भी करीब 15 लोगों को बचाया। इनमें से एक व्यक्ति करीब 30% तक जल गया था, जिसे इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## अम्बेडकरनगर डबल ट्रेजडी : पोस्टमार्टम के बाद चारों बच्चों का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

# 4 बच्चों की हत्या के बाद गायब मां का शव बरामद

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । अकबरपुर थाना क्षेत्र के मीरानपुर मुरादाबाद में सामने आया मामला अब डबल ट्रेजडी बन गया है। शनिवार को जहां घर के अंदर चार मासूम बच्चों के शव मिले थे, वहीं रविवार शाम उसी केस में बड़ा मोड़ आया, जब बच्चों की मां गासिया खातून का शव नाले में बरामद हुआ। इस घटना ने पूरे मामले को और उलझा दिया है। चार बच्चों की हत्या में आरोपित बताई गई मां गासिया का शव नाले से बरामद हुआ है। अकबरपुर नगर पालिका के मुरादाबाद मुहल्ले में गत शनिवार को दोपहर में चार बच्चों का शव घर के अंदर मिले थे। मां मौके पर नहीं मिली थी। रविवार को गासिया का शव उसके घर से 100 मीटर दूर नाले से मिला है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब चारों बच्चों के शव गांव पहुंचे, तो माहौल चीख-पुकार में बदल गया। परिजन बेसुध हो गए और पूरा गांव शोक में डूब गया।

» (शेष पेज 06 पर)



### मां का शव मिलने से बदला पूरा केस

रविवार शाम पुलिस को मेहरोत्रा पेट्रोल पंप के पीछे नाले में एक शव मिला, जिसकी पहचान गासिया खातून के रूप में हुई। इसके बाद जांच की दिशा बदल गई है। अब पुलिस इसे सिर्फ हत्या नहीं, बल्कि संभावित डबल ट्रेजडी और साजिश के तौर पर देख रही है।

### मोबाइल, चैट और कॉल डिटेल पर फोकस

पुलिस ने महिला का मोबाइल कब्जे में लिया है। कॉल डिटेल, चैट और लोकेशन डेटा की जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि डिजिटल साक्ष्य इस केस की सबसे बड़ी कड़ी साबित हो सकते हैं।



बच्चों की मां गासिया खातून

### चार मासूमों की हत्या से शुरू हुई जांच

शनिवार को सऊद (12), उमर (10), शफीक (14) और बयान (8) के शव घर के अंदर खून से लथपथ हालत में मिले थे। घर अंदर से बंद था और मां गायब थी। शुरुआती जांच में ईंट और हथौड़े से हमला कर हत्या की बात सामने आई थी। पुलिस ने प्राथमिक तौर पर शक की सुई मां की ओर मोड़ी थी।

» (शेष पेज 06 पर)

## चेन्नई में यात्री चलती फ्लाइट का इमरजेंसी गेट खोलकर कूदा

### विमान रनवे से टर्मिनल की तरफ जा रहा था

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी



- **कई फ्लाइट्स में देरी हुई, एक को डायवर्ट करना पड़ा**
- **दावा- आरोपी मानसिक रूप से बीमार**

चेन्नई। चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह लैंडिंग के दौरान एयर अरेबिया की चलती फ्लाइट में एक यात्री इमरजेंसी गेट खोलकर नीचे कूद गया। यह फ्लाइट शारजाह से चेन्नई पहुंची थी और इसमें 231 यात्री सवार थे।

घटना सुबह करीब 3:23 बजे हुई। एयरबस A320 मॉडल की फ्लाइट G9 471 रनवे से टर्मिनल की ओर बढ़ रही थी। घटना के बाद पायलट ने तुरंत विमान को रोक दिया और एयरपोर्ट अधिकारियों को सूचना दी। घटना के बाद यात्री एयरपोर्ट के कमर्शियल एरिया की ओर भागने लगा, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालांकि, सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। कूदने के दौरान यात्री घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए ले जाया गया।

» (शेष पेज 06 पर)

# जबरन प्रीपेड मीटर लगाकर जनता की जेब काट रही योगी सरकार: विनय पटेल

# स्मार्ट मीटर 'स्मार्ट चीटर' बनकर जनता को लूट रहा

**विरोध**

■ नलकूपों पर 4 जी स्मार्ट मीटर से किसान परेशान, ज्यादा बिल और नेटवर्क समस्या से बढ़ा आक्रोश: इरम रिज़वी (लखनऊ जिलाध्यक्ष)



**स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही खुली लूट के ख़िलाफ़ प्रदेशभर में "आप" का जोरदार विरोध प्रदर्शन, जिला विद्युत उपकेंद्रों पर राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन**

**मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज करेगी आम आदमी पार्टी: इरम रिज़वी**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट, गलत बिलिंग, बिजली कटौती और प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता के विरोध में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर शनिवार को ललितपुर, गाजियाबाद, बहराइच, बागपत, जालौन, मुजफ्फरनगर, चंदौली, वाराणसी, आगरा, बदायूं, मैनपुरी, मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला विद्युत उपकेंद्रों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन, अशोक मार्ग, हजरतगंज पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल की उपस्थिति में और लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिज़वी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया, जहां पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई और कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

## उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह फेल

इस मौके पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है और यह अब जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर इतने "स्मार्ट" हो गए हैं कि बैलेंस खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैं, लेकिन रिचार्ज के बाद भी 10 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती। यह व्यवस्था न केवल तकनीकी रूप से विफल है, बल्कि सरकार की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 78 से 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 70 लाख प्रीपेड मीटर हैं और लाखों उपभोक्ता गलत बिलिंग, तेजी से बैलेंस खत्म होने और बिजली कटौती से परेशान हैं। कई मामलों में जहां पहले 1500 तक का बिजली बिल आता था, वह अब बढ़कर 6000–7000 तक पहुंच रहा है। यह सीधा-सीधा जनता की जेब पर हमला है।



## स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही इस लूट को तत्काल रोका जाए

आम आदमी पार्टी द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही इस लूट को तत्काल रोका जाए, पूरे प्रोजेक्ट की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, जिन उपभोक्ताओं को रिचार्ज के बाद भी समय से बिजली नहीं मिली उन्हें मुआवजा दिया जाए तथा 1912 हेल्पलाइन को दुरुस्त कर शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी प्रदेशभर में अपने आंदोलन को और तेज करेगी और सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज मजबूती से उठाएगी। इस मौके पर विनय पटेल, इरम रिजवी, दिनेश पटेल, मनोज मिश्रा, अनिल जैन, शीतला सोनी, मोहम्मद अदनान, नूर सिद्दीकी, बलराम साहनी, सुधीर पटेल, अभिषेक प्रताप सिंह, प्रितपाल सलूजा, अंशुल सिंह, जनक प्रसाद, प्रखर श्रीवास्तव, अनित रावत, ज्ञान सिंह, पी के बाजपेई, मधुर सेठ, नीरज, विनोद शर्मा, तुषार श्रीवास्तव, ललित वाल्मीकि सहित आम आदमी पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी व तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'चाचा-भतीजे की जोड़ी भर्तियों में करती थी वसूली

## अब पूरी प्रक्रिया ट्रांसपेरेंट', सीएम योगी का सपा पर तंज

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौ वर्ष के कार्यकाल में रिकार्ड नौ लाख सरकारी नौकरी देने का दावा करते हुए पूर्ववर्ती अखिलेश सरकार पर जमकर हमला बोला। नव चयनित दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों और औषधि विश्लेषकों को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि 'आपके बीच में चयन आयोग के चेयरमैन बैठे हैं, किंतु उन्हें कोई नहीं पहचान सकता, जबकि सपा के कार्यकाल में चाचा भतीजा की पर्ची से नियुक्तियां करनी पड़ती थीं।' उन्होंने कहा कि बेईमान नेताओं को चयन प्रक्रिया में रोकना होगा। चेताया कि अगर किसी ने नियुक्तियों की धांधली की तो उसकी सम्पत्ति जब्त करने के साथ ही आजीवन कारावास भी होगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रदेश में 81 मेडिकल कालेज और दो एम्स हैं। नए नर्सिंग कालेज खुल रहे हैं। खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी बहुत ज्यादा थी, जिसे पुलिस नहीं रोक सकती। विभाग के पास पर्याप्त जांच लैब और उपकरण नहीं थे। जांच के परिणाम आने में वर्षों लगते थे। दूध, मसालों, तेल व मिठाइयों में मिलावटखोरी खत्म करने के लिए प्रशासन लगातार छापेमारी कर रहा है। कहा कि आज औषधि की गुणवत्ता जांचने के लिए हर मंडल में लैब है। ड्रग जांच की लैब पांच से बढ़कर 18 तक पहुंच गई है। ड्रग लैबों की जांच क्षमता प्रति वर्ष 12 हजार से बढ़ाकर 55 हजार सैंपल कर दी गई है।

**फास्ट न्यूज**

### योगी सरकार का शिक्षामित्रों के सम्मान में बड़ा कदम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि के बाद अब उनके सम्मान को भी प्राथमिकता देते हुए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। 18,000 प्रतिमाह मानदेय के साथ लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश में यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि शिक्षा व्यवस्था की नींव को मजबूत करने वाले शिक्षामित्रों को अब उचित पहचान और संबल मिल रहा है।

### 12 मेगा स्किल हब और 63 डिस्ट्रिक्ट सेंटर बनाएगी योगी सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब देश के 'स्किल हब' के रूप में उभरने जा रहा है। प्रदेश के युवाओं को आधुनिक और वैश्विक स्तर के कौशल से लैस करने के लिए सरकार ने 'सरदार पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन्स' के तहत एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इसके अंतर्गत राज्य में 12 मेगा स्किल हब और 63 जिला स्किल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। लगभग 14,760 करोड़ रुपये के विशाल बजट वाली इस योजना का लक्ष्य हर साल 10 लाख से अधिक युवाओं को एडवांस स्किलिंग देकर उन्हें सीधे रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है।

### 31 जिलों के माता मंदिरों को मिलाकर बनाया जाएगा 'शक्ति चक्र'

लखनऊ। अयोध्या, काशी, मथुरा जैसे सनातन के प्रतीक स्थलों के सहारे धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर सर्वाधिक पर्यटकों की आमद के साथ चमक रहा उत्तर प्रदेश अब प्रमुख मंदिरों के साथ अल्पज्ञात मंदिरों को जोड़कर नये आकर्षण विकसित करने की भी तैयारी कर रहा है। इसके तहत 'शक्ति चक्र' के नाम से माता के मंदिरों का एक नया विशेष पर्यटन परिपथ (सर्किट) विकसित किया जाएगा।

# नीट परीक्षा, 4848 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

## नकल रोकने के लिए व्यापक इंतजाम

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) रविवार को दोपहर 2 बजे से शुरू हुई। इस वर्ष जिले में 22 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4848 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11 बजे से ही परीक्षार्थियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर सख्त सुरक्षा उपायों को लागू किया। अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश से पहले मेटल डिटेक्टर और बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरना पड़ा। यह प्रक्रिया परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य थी। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार दोपहर 1:30 बजे बंद कर दिए गए थे। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। यह नियम समय पर परीक्षा शुरू करने और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्ती से लागू किया गया। परीक्षा के आयोजन में प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। इन अधिकारियों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। NEET परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया था ताकि किसी प्रकार की नकल या अनुचित गतिविधि से बचा जा सके।

## महिला आरक्षण, स्मार्ट मीटर, चुनाव प्रक्रिया और बंगाल चुनाव पर भाजपा पर साधा निशाना

# भाजपा झूठ की 'सोन पापड़ी'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "भाजपा झूठ की सोन पापड़ी है, जो एक के ऊपर एक झूठ की परत चढ़ाती जाती है।" उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का पूरा राजनीतिक अभियान प्रोपेगंडा पर आधारित है और वह जनता को डराकर चुनाव लड़ती है।

अखिलेश यादव ने स्मार्ट मीटर योजना को "लूट का जरिया" बताते हुए कहा कि इसमें बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी हो सकती है, तो ईवीएम में क्यों नहीं।

साथ ही उन्होंने कहा कि जनता चुनाव आयोग से निष्पक्षता की उम्मीद करती है, लेकिन हाल के चुनावों में निष्पक्षता पर सवाल उठे हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने दावा किया कि हजारों प्राइमरी स्कूल बंद कर दिए गए हैं और कई स्कूलों में नामांकन तक नहीं हुआ। जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकियों के गिरने का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे भ्रष्टाचार का नतीजा बताया। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा आगामी चुनाव में डीजे और गानों के जरिए नफरत फैलाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने जनता से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि माहौल खराब करने की कोशिश की जाएगी।



### पश्चिम बंगाल और उपचुनाव का जिक्र

उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में जो रणनीति अपनाई गई थी, वही पश्चिम बंगाल में भी दोहराई गई। उनका दावा है कि केंद्र सरकार ने वहां प्रशासन के समानांतर सुरक्षा ढांचा खड़ा किया।

अखिलेश यादव ने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल में "दीदी" ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगी और उत्तर प्रदेश में भी जनता भाजपा को हटाने के लिए तैयार है।

**सपा प्रमुख ने महिला आरक्षण कानून को लेकर भाजपा पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की मंशा कभी साफ नहीं रही और वह महिलाओं को गुमराह करने के लिए झूठा प्रचार कर रही है। हालांकि, अब महिलाएं इस सच्चाई को समझने लगी हैं।**



### महंगाई और भ्रष्टाचार पर सरकार घिरी

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार न तो महंगाई पर नियंत्रण कर पाई है और न ही भ्रष्टाचार रोक सकी है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने से आम आदमी की जिंदगी पर सीधा असर पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने करीबी लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए मुनाफाखोरी को बढ़ावा दे रही है, जिससे महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है।

## एनएसए ने अपने सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में एकत्र होकर अपनी चिंताओं को प्रमुखता से उठाया

# आरक्षण के विरोध में नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन का धरना

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन (एनएसए) ने आज सुबह ईएमआरसीटी की स्टाफ पार्किंग में फैकल्टी के लिए किए गए आरक्षण के विरोध में धरना दिया।

एनएसए ने अपने सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में एकत्र होकर अपनी चिंताओं को प्रमुखता से उठाया। नर्सिंग स्टाफ असोसिएशन का कहना है कि स्टाफ पार्किंग सभी कर्मचारियों के लिए समान होनी चाहिए। फैकल्टी द्वारा पार्किंग में अवैध कब्जे से नर्सिंग अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों को रोजाना असुविधा हो रही है।

अभी स्टाफ पार्किंग से फैकल्टी आरक्षण हटा दिया गया है , एनएसए का उद्देश्य प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकर्षित करना था, ताकि जल्द समाधान निकाला जा सके,और भविष्य में पार्किंग आरक्षण की पुनरावृतिति ना हो सके इसके लिए चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा सोमवार को निदेशक महोदय के साथ मीटिंग रखी गई है।

एनएसए अपने सदस्यों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। और आगे 1 हफ्ता में सभी स्टाफ पार्किंग से फैकल्टी आरक्षण समाप्त नहीं किया गया तो एनएसए आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श करेगा 1 और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और तेज करेगा।

धरने में उपस्थित एनएसए की अध्यक्ष लता सचान, महामंत्री विवेक सागर,उपाध्यक्ष सुजान सिंह,राजकुमार,संयुक्त मंत्री मनोज कुमार, अश्विनी कुमार, प्रचार मंत्री भानु प्रताप सिंह, मंजू लता राव,वीरेंद्र कुमार,शुक्लेश कुमारी और बड़ी सख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों साहित टेक्निकल संवर्ग से सतीश कुमार मिश्रा (पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी महासंघ) एवं अन्य सदस्य गण मौजूद रहे ।

■ **धरने के दौरान चिकित्सा अधीक्षक एवं नोडल सिक्युरिटी अधिकारी डीके पाण्डेय द्वारा धरना स्थल पर पहुंच कर बहुत जल्दी आरक्षण को समाप्त करने का आश्वासन दिया उसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया है एनएसए ने तत्काल समाधान की मांग की और कहा कि यह मामला न्यायसंगत होना चाहिए।**

# बेटे को नीट का पेपर दिलाने आए पिता की मौत

## पटरी पार करते वक्त ट्रेन ने चपेट में लिया, औरैया से लखनऊ आया था

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। औरैया से बेटे को लखनऊ NEET का पेपर दिलाने आए पिता की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बेटा एग्जाम सेंटर के अंदर पेपर दे रहा था। एग्जाम शुरू होने के बाद पिता सेंटर से कुछ दूर ट्रेन की पटरी की तरफ चला गया। उधर से लौटते समय एक ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना 3 मई की शाम करीब 4:30 बजे की बीकेटी इंटर कॉलेज के पास की है। मृतक की पहचान अरुण कुमार (46) के रूप में हुई। वह औरैया जिले के भरधना रोड, वार्ड नंबर 6, बस्ती बिधुना का निवासी था। स्थानीय लोगों ने घटना देखते ही पुलिस को सूचना दी।



अरुण कुमार, मृतक

घटनास्थल से करीब 50 कदम की दूरी पर सीतापुर रोड स्थित इंदौरा बाग चौकी से पुलिस पहुंची। मृतक की शिनाख्त जेब में मिले आधार कार्ड से हुई।

पुलिस के अनुसार, अरुण कुमार अपने बेटे यशु को बीकेटी इंटर कॉलेज में NEET की परीक्षा दिलाने के लिए आया था। उसके पास एक बैग मिला, जिसमें आधार कार्ड भी था। जेब में मिले मोबाइल फोन से उसके घर में कॉल किया गया। वहां परिजनों को सूचना मिली तो उन्होंने बताया कि अरुण तो बेटे को NEET की परीक्षा दिलाने ले गए हैं। 5 बजे पेपर खत्म हुआ तो बेटे को भी पुलिस ने बताया। बेटा बीकेटी थाने में पहुंच गया है। बीकेटी थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कर मृतक की डेडबॉडी पोस्टमॉर्टम के लिए भेजी गई है। परिजन औरैया से चल दिए हैं।

**कार्रवाई : मोबाइल कवर बताकर शताब्दी से लाई गई, चारबाग स्टेशन पर आरपीएफ ने तस्कर दबोचा**

# 38 लाख की सिगरेट पकड़ी गई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । चारबाग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 38.40 लाख रुपए कीमत की सिगरेट बरामद की है। यह खेप पार्सल से स्मगलिंग कर नई दिल्ली से लखनऊ लाई गई थी। याहियागंज बाजार में इसे ठिकाने लगाने की तैयारी थी।

आरपीएफ क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत कार्रवाई की गई। टीम ने गाड़ी नंबर 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस से आए लीज पार्सल की जांच की। इसमें 560.2 किलोग्राम वजन की 3.84 लाख सिगरेट बरामद हुईं। जांच में पता चला कि पार्सल में गलत सामान दिखाकर खेप मंगाई गई थी, क्योंकि सिगरेट ट्रेन में लाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। जांच में सामने आया कि पार्सल बुकिंग के दौरान सिगरेट की जगह फोन कवर, जींस और प्लास्टिक सामान दर्ज कराया गया था, ताकि जांच से बचा जा सके। शताब्दी एक्सप्रेस से मोबाइल कवर की जगह सिगरेट रखकर पार्सल मंगवाया गया। शताब्दी एक्सप्रेस से मोबाइल कवर की जगह सिगरेट रखकर पार्सल मंगवाया गया।

अधिकारियों का कहना है कि पार्सल के जरिए अवैध सामान की तस्करी रोकने के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।



### रेल अधिनियम के तहत केस दर्ज

आरपीएफ ने दोनों ब्रांड की एक-एक डिब्बी नमूने के रूप में अलग कर बाकी माल सील कर जब्त कर लिया है। मामले में रेल अधिनियम की धारा 163 के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में अपराध आसूचना शाखा और आरपीएफ लखनऊ जंक्शन की टीम शामिल रही।

**मौके पर टीम ने टोजल सुपरमिंट ब्लेंड मास्टर फिल्टर 167.5 किलो, इंप्रेशन क्रश मिंट फिल्टर 392.7 किग्रा बरामद किया गया। इसमें कुल सिगरेट स्टिक 3,84,000 मिली। इसकी बाजार कीमत करीब 38.40 लाख रुपए है।**



### आरोपी को 16 पार्सल पैकेट के साथ पकड़ा गया

उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने पार्सल गेट के बाहर आसिफ खान निवासी हुसैनगंज, कैसरबाग को 16 पार्सल पैकेट ले जाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि माल अनुज महेश्वरी का है, लेकिन वह किसी भी तरह का वैध लाइसेंस, परमिट या प्राधिकार पत्र नहीं दिखा सका।

### शारदा नहर में दोस्तों के साथ नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

लखनऊ। रहीमाबाद में दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया एक किशोर तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया। काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसका शव बाहर निकाला। परिवारजन ने बताया कि तबलीगी जमात में शामिल होने के लिए आया था। हालांकि इसे हादसा बताते हुए पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया और सिपुर्द-ए-खाक कर दिया।

सआदतगंज के अंबरगंज निवासी 15 वर्षीय अशाज अहमद अपने दोस्तों शोएब, अरमान, इस्माइल, अजमत, मोहम्मद अखलाक, मोहम्मद आसीम और अमन के साथ रहीमाबाद के तिरगवां गांव स्थित बिलाली मस्जिद में तबलीगी जमात में शामिल होने आया था। रविवार सुबह सभी साथी टहलने के बहाने मस्जिद से निकले और करीब पांच किलोमीटर दूर लखनऊ-उन्नाव सीमा पर स्थित औरास क्षेत्र के शोभा खेड़ा गांव के पास शारदा नहर में नहाने पहुंच गए।

# योगी सरकार का दवाओं की शुद्धता पर अब सख्त पहरा

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जनस्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का तहत रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अंतर्गत चयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। वर्ष 2024 के विज्ञापन के सापेक्ष वर्ष 2026 में पूरी हुई यह भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई है। इन नियुक्तियों के माध्यम से दवा की गुणवत्ता जांच की रफ्तार बढ़ेगी। साथ ही प्रदेश की सभी 18 प्रयोगशालाएं पूर्ण रूप से संचालित होंगी और विश्लेषण क्षमता में भी प्रतिवर्ष 4 गुणा से अधिक की वृद्धि होगी।

कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) की नियुक्ति से प्रदेश में दवा एवं सौंदर्य प्रसाधनों की गुणवत्ता जांच व्यवस्था को नई गति मिलेगी। इनका प्रमुख दायित्व औषधि एवं कास्मेटिक्स एक्ट 1940 तथा संबंधित नियमों के अंतर्गत विभिन्न जनपदों से औषधि निरीक्षकों द्वारा संग्रहित नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण करना है। यह परीक्षण न केवल दवाओं की शुद्धता, प्रभावशीलता और मानक अनुरूपता सुनिश्चित करेगा, बल्कि नकली, मिलावटी और मानकहीन उत्पादों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

■ **18 आधुनिक लैब और 357 विशेषज्ञों के साथ बदली जाएगी जांच की तस्वीर**

# प्रीपेड नियमों में बदलाव, अब नहीं कटेगी तुरंत बिजली, उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

# स्मार्ट मीटर पर रोक

**बदलाव**

- नेगेटिव बैलेंस पर भी तीन दिन बिजली चालू
- लगभग 60 हजार मीटर लगे, शिकायतें बढ़ीं
- पिछले महीने 12 हजार कनेक्शन कटे थे





**जिले के अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन में करीब 60 हजार स्मार्ट मीटर लगाए गए थे। इनमें से 55 हजार को प्रीपेड में बदला गया था। अधिक बिल और अचानक बिजली कटने की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने विरोध भी किया था।**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। स्मार्ट मीटर लगाने और उन्हें प्रीपेड में बदलने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद निगम ने प्रीपेड मीटर से जुड़े सात नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों से उपभोक्ताओं को अब पोस्टपेड जैसी सुविधा मिलने लगेगी। दो किलोवाट तक के उपभोक्ताओं के लिए भी नई सुविधा दी गई है। बैलेंस खत्म होने पर भी अगले तीन दिनों तक बिजली नहीं कटेगी। इसके अलावा 200 रुपये तक के नेगेटिव बैलेंस की सीमा तय की गई है। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रखी गई है। बीते महीने करीब 12 हजार उपभोक्ताओं की बिजली रिचार्ज न होने के कारण काट दी गई थी। नए नियम लागू होने के बाद ऐसी स्थितियों में कमी आने की उम्मीद है।

### 30 दिन तक रिचार्ज की छूट

कम बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं को अब बड़ा फायदा मिलेगा। एक किलोवाट तक के उपभोक्ता 30 दिन के भीतर कभी भी अपना प्रीपेड मीटर रिचार्ज करा सकेंगे। इस दौरान उनकी बिजली सप्लाई जारी रहेगी। यानी अब तुरंत रिचार्ज का दबाव नहीं रहेगा।

### त्योहार और छुट्टियों में नहीं कटेगी बिजली

नए प्रावधान के अनुसार त्योहारों और सार्वजनिक अवकाश के दिनों में रात के समय स्मार्ट मीटर से बिजली नहीं काटी जाएगी। यह सुविधा खासतौर पर एक किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लागू की गई है। इससे छोटे उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

### अधिकारियों ने दी जानकारी

मीटर अधिशासी अभियंता संजय कुमार ने बताया कि एक किलोवाट तक के उपभोक्ताओं का प्रीपेड मीटर अब सामान्य मीटर की तरह काम करेगा। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने कहा कि निदेशालय स्तर पर नियमों में बदलाव किया गया है। साथ ही स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के समाधान का काम जारी है।

# मालीपुर थाने में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, पुलिसकर्मियों की जांच

## रेड क्रॉस दिवस सप्ताह के तहत आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । विश्व रेड क्रॉस दिवस सप्ताह के पहले दिन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, शाखा अंबेडकरनगर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस थाना मालीपुर परिसर में हेल्थ डायग्नो स्कैन एंड लैब्स के सहयोग से हुआ। आयोजन रेड क्रॉस चेयरमैन संध्या सिंह के नेतृत्व में किया गया।

शिविर का उद्देश्य पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करना और बीमारियों की समय रहते पहचान करना रहा। थाना अध्यक्ष स्वतंत्र देव मौर्य सहित कई पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें शत्रुघ्न सिंह, आबिद खान, मोहम्मद रसूल, मणि कुमार, विशाल त्रिपाठी समेत अन्य कर्मी शामिल रहे।



शिविर में ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर के साथ लीवर, किडनी और एनीमिया की जांच की गई। करीब 25 से अधिक पुलिसकर्मियों की जांच पूरी की गई। सभी जांच रिपोर्ट बाद में उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे जरूरत पड़ने पर आगे उपचार कराया जा सके।

हेल्थडायग्नो स्कैन एंड लैब्स के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य सिर्फ जांच करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। भविष्य में ऐसे और शिविर आयोजित किए जाएंगे। संस्था की ओर से हर तीन महीने में रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाते हैं, जिससे जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। संस्था संरक्षक राजेश मौर्य ने कहा कि किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी से परेशानी न हो, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आगे जिले में और व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर चलाने की योजना है।

**फास्ट न्यूज**

### महिला आरक्षण बिल पर जलालपुर में जनाक्रोश यात्रा

अम्बेडकरनगर । जलालपुर क्षेत्र में महिला आरक्षण बिल को लेकर महिलाओं ने जनाक्रोश यात्रा निकाली। संसद में विपक्षी दलों के रुख के विरोध में महिलाएं सड़कों पर उतरीं और अपनी नाराजगी जाहिर की। पदयात्रा की शुरुआत फरीदपुर स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क से हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने किया, जबकि संयोजन सभासद सुलेखा गौतम ने संभाला।

### मीरानपुर हत्याकांड: चार बच्चों की हत्या से आक्रोश

अम्बेडकरनगर । अकबरपुर क्षेत्र के मीरानपुर में शनिवार को चार बच्चों की हत्या के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। रविवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर दुख साझा किया और हर स्तर पर साथ देने का भरोसा दिया। कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि यह घटना पूरे जिले ही नहीं, समाज के लिए भी बेहद गंभीर है। मासूम बच्चों की हत्या को उन्होंने अमानवीय और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

### 73 गुम मोबाइल बरामद, कीमत 15 लाख रुपए

बाराबंकी । बाराबंकी में पुलिस की सर्विलांस सेल और थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने एक बड़ी कार्रवाई में 73 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर गुम हुए मोबाइल फोन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था।

# लूटकांड : एक और आरोपी गिरफ्तार मुख्य आरोपी फरार

## 18.5 लाख की लूट में पुलिस की कार्रवाई जारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । बिड़हर घाट पुल के पास 11 अप्रैल को हुई 18.5 लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जहांगीरगंज पुलिस ने शनिवार को टांडा क्षेत्र के पकड़ी भोजपुर निवासी आकाश मौर्य को पकड़कर जेल भेज दिया। हालांकि इस वारदात के मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

घटना 11 अप्रैल की सुबह की है। नेवारी दुराजपुर निवासी मोहम्मद रईस और हंसवर के मुंडेरा निवासी मोहम्मद जलाल बाइक से खलीलाबाद से लौट रहे थे। उनके पास बकाया रकम थी। आरोप है कि बिड़हर घाट पुल के पास कार सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। असलहे के बल पर 18.5 लाख रुपये लूट लिए गए। विरोध करने पर रईस के सिर पर हमला किया गया,




जिससे वह घायल हो गए।

घटना पुलिस चौकी के करीब हुई थी। इससे इलाके में दहशत फैल गई थी। मामले के बाद पुलिस ने जांच तेज की। इस्तेमाल की गई कार की पहचान की गई और 20 अप्रैल को छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पहले ही छह आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। इनमें शिवनंदन, मनीष वर्मा, पहलवान उर्फ अरमान, अभिषेक, आयुष और शाहिद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार शाहिद इस लूट का मास्टरमाइंड है। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और 5.45 लाख रुपये बरामद किए गए थे।

# बारिश से बाधित हुई बिजली आपूर्ति वीआईपी फीडर में तीन घंटे कटौती

## तेज बारिश के बाद तकनीकी खराबी से प्रभावित सप्लाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । अकबरपुर क्षेत्र में रविवार सुबह हुई झमाझम बारिश का असर बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा। काले बादलों के साथ हुई तेज बारिश के चलते शहर के वीआईपी फीडर से जुड़ी बिजली सप्लाई करीब तीन घंटे तक बाधित रही। सुबह से ही कई इलाकों में बिजली गुल रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बिजली आपूर्ति करीब तीन घंटे तक पूरी तरह प्रभावित रही। सुबह से लेकर 11 बजे तक कई मोहल्लों में अंधेरा छाया रहा। लोग पानी, मोबाइल चार्जिंग और अन्य जरूरी कामों के लिए परेशान दिखे।

स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के दौरान ट्रिपिंग और फॉल्ट की समस्या बार-बार सामने आई,



जिसके कारण सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। बिजली विभाग की टीम द्वारा फॉल्ट दुरुस्त किए जाने के बाद सुबह करीब 11 बजे आपूर्ति को बहाल किया गया। इसके बाद धीरे-धीरे सभी क्षेत्रों में बिजली सामान्य हो गई। विभागीय सूत्रों के अनुसार बारिश के कारण लाइनों में नमी और तकनीकी दिक्कतें आने से सप्लाई प्रभावित हुई थी। सुरक्षा जांच के बाद ही बिजली को चालू किया गया। बिजली कटौती के कारण स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### सुबह 8 बजे के आसपास हुई बिजली कटौती

जानकारी के अनुसार बारिश शुरू होने के बाद अकबरपुर के VIP फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह करीब 8 बजे बिजली आपूर्ति अचानक बंद हो गई। लगातार बारिश और हवा के कारण तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई। इसके बाद सप्लाई को सुरक्षा कारणों से बंद रखा गया। इस दौरान घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी असर पड़ा। कई इलाकों में इनवर्टर भी कुछ समय बाद जवाब देने लगे।

# उपखण्ड अधिकारी की अनदेखी ट्रांसफार्मर पर चढ़ी घास, खतरा

## लापरवाही की हद : ट्रांसफार्मर पर चढ़ी झाड़ियां

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन के सख्त निर्देशों के बावजूद जर्जर तारों और ट्रांसफार्मरों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। कई बैठकों में चेयरमैन आशीष गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि खराब तारों और ट्रांसफार्मरों की जांच कर समय से मेंटेनेंस कराया जाए, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारी इन आदेशों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

मामला उपखण्ड जलालपुर का है, जहां तैनात उपखण्ड अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के क्षेत्र में कई ट्रांसफार्मर ऐसे हैं जो कभी भी जल सकते हैं। मालीपुर स्टेशन रोड पर माया प्रधान के घर के पास वर्षों से ट्रांसफार्मर पर जंगली घास उगी हुई है, जिसे साफ करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय निवासियों ने कई बार पावर हाउस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन



अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। विभाग की इस लापरवाही से लोगों में आक्रोश है।

इस संबंध में अधीक्षण अभियंता ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने बताया कि पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं कि जर्जर तारों और ट्रांसफार्मरों को चिन्हित कर समय से मेंटेनेंस कार्य पूरा किया जाए।

# सरकारी योजना से मिला सहारा, शुरू किया लाइट डेकोरेशन व्यवसाय

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ड्राइवर से उद्यमी बने दिलीप कुमार

**जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि जनपद में स्वरोजगार को बढ़ावा देना प्रशासन की प्राथमिकता है। योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। साथ ही वे अन्य लोगों को भी रोजगार देने में सक्षम हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचे। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता और सहायता दी जा रही है।**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने में प्रभावी साबित हो रहा है। इसी योजना के तहत ग्राम सेवई भंडसारी, पोस्ट खुखूतारा निवासी दिलीप कुमार ने अपनी मेहनत और सरकारी सहयोग से नई पहचान बनाई है। पहले दिलीप कुमार एक ड्राइवर के रूप में कार्य करते थे। सीमित आय के कारण परिवार का खर्च चलाना मुश्किल था। इसी दौरान उन्हें सोशल मीडिया से योजना की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने जिला उद्योग केंद्र, अम्बेडकरनगर से संपर्क किया।



### 5 लाख रुपये के ऋण से शुरू किया कारोबार

दिलीप कुमार ने Union Bank of India की इल्तिफातगंज शाखा के माध्यम से 5 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। इस सहायता से उन्होंने लाइट डेकोरेशन यूनिट की स्थापना की। व्यवसाय शुरू होने के बाद उन्हें स्थानीय स्तर पर काम मिलने लगा। विवाह, समारोह और अन्य आयोजनों में उनकी सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने अपने काम में आधुनिक तकनीक और आकर्षक सजावट का उपयोग किया, जिससे बाजार में अलग पहचान बनी।

### दो लोगों को मिला रोजगार

दिलीप कुमार का व्यवसाय अब नियमित रूप से संचालित हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने दो अन्य लोगों को भी रोजगार दिया है। इससे न केवल उनकी आय बढ़ी है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बने हैं। उनका कहना है कि योजना से उन्हें आर्थिक मजबूती मिली और समाज में नई पहचान बनी। भविष्य में वह अपने व्यवसाय का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं, ताकि अधिक लोगों को रोजगार दे सकें।

# बसखारी में संगोष्ठी: फुले और अंबेडकर के योगदान पर चर्चा

## समता, शिक्षा और सामाजिक न्याय पर वक्ताओं ने रखे विचार

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जिले के बसखारी स्थित कामता प्रसाद जनता इंटर कॉलेज में रविवार को 'ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सम्यक सम्बुद्ध चैरिटेबल ट्रस्ट किछौछा के तत्वावधान में हुआ। अध्यक्षता डीआर अम्बेश ने की, जबकि संचालन धर्मशील ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर और ज्योतिबा फुले ने समाज सुधार के जरिए समानता आधारित व्यवस्था को मजबूत किया। दोनों ने शिक्षा और




सामाजिक न्याय को समाज की नींव बताया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी इनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

अध्यक्ष डीआर अम्बेश ने कहा कि महापुरुषों का योगदान केवल इतिहास तक सीमित नहीं है। उनके विचार आज भी समाज के निर्माण में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि समाज में समानता और जागरूकता के लिए इन विचारों को अपनाना जरूरी है।

संचालक धर्मशील ने कहा कि समाज में व्याप्त भेदभाव और कुरीतियों को खत्म करने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं से महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने की अपील की।

# 'मैं जिंदा हूं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड ने मुझे मार डाला'

## पेंशन और राशन की सरकारी सुविधा से वंचित हुई बदामा देवी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । अकबरपुर ब्लॉक के ताराखुर्द गांव की निवासी बदामा देवी आज भी जिंदा हैं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में उनकी मौत दर्ज कर दी गई है। परिणामस्वरूप, उन्हें पेंशन, राशन, और संपत्ति का हक मिलना बंद हो गया है। यह मामला सरकारी लापरवाही का उदाहरण बनकर सामने आया है।

बदामा देवी ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी के समक्ष आकर अपने दुखों का बयान किया। उन्होंने आंसू बहाते हुए कहा, हम हैं जिंदा! यह न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत पीड़ा है, बल्कि सरकारी सिस्टम की गहरी खामियों को उजागर करता है। बदामा देवी के नाम को अकबरपुर तहसील के परिवार रजिस्टर में मृतक के रूप में दर्ज किया गया था। पहली बार लालबिहारी स्टाइल में और दूसरी बार अकबरपुर तहसील




में, उनकी मौत को कागजों में शामिल कर लिया गया। इस मुद्दे को लेकर जब बदामा देवी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई, तो पंचायत अधिकारी जयप्रकाश वर्मा ने तुरंत रिपोर्ट लगाई। उपजिलाधिकारी ने इस पर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 7 दिनों के भीतर बदामा देवी को जीवित दर्ज किया जाए और पूरे मामले की जांच की जाए। यह सवाल उठता है कि बिना जांच के एक जीवित व्यक्ति को दो बार मृत कैसे घोषित किया जा सकता है?

**आरोप : छह महीने बाद भी नई तैनाती नहीं ज्वाइन, विभागीय व्यवस्था पर प्रश्न**

# स्थानांतरण के बाद भी पद पर जमे लेखाकार

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । एआरटीओ कार्यालय से स्थानांतरित एक लेखाकार के मामले ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर 2025 को एआरटीओ कार्यालय से बेसिक शिक्षा विभाग में स्थानांतरण के बाद भी संबंधित कर्मचारी ने नई तैनाती नहीं ज्वाइन की है। बताया जा रहा है कि लेखाकार अमित कुमार का स्थानांतरण बेसिक शिक्षा विभाग में किया गया था। इसके बावजूद वह अब भी एआरटीओ कार्यालय में कार्यरत हैं। जबकि निदेशालय के



निर्देश पर अन्य स्थानांतरित कर्मचारी नई जगह पर कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं।

इस पूरे मामले में अभी तक संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। प्रशासनिक स्तर पर जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल, स्थानांतरण के बाद भी पद पर बने रहने का यह मामला चर्चा में बना हुआ है। अधिकारियों की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

### कार्यालय में सक्रियता पर उठे सवाल

सूत्रों के अनुसार, एआरटीओ कार्यालय में लेखाकार का दखल अब भी बना हुआ है। कार्यालय के कमरा नंबर 4 और काउंटर नंबर 2 पर उनकी सक्रियता बताई जा रही है। आरोप है कि वह कार्यालय के विभिन्न कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं।

इसके अलावा, यह भी आरोप सामने आए हैं कि कुछ निजी युवकों से कार्यालय में काम कराया जा रहा है। इससे कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

- **मामले में लेखाकार पर अवैध कमाई के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि स्थानांतरण के बाद भी पद पर बने रहना नियमों के खिलाफ है। इसको लेकर जांच की मांग की जा रही है।**

### उच्च स्तर पर की गई शिकायत

मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई गई है। शिकायत में योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री और परिवहन आयुक्त से हस्तक्षेप की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि नियमों का पालन नहीं होने से विभाग की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।

# काले बादलों के साथ झमाझम बारिश, मौसम हुआ सुहाना

## सुबह से बदला मौसम, तेज बारिश से राहत

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जिला मुख्यालय अकबरपुर में रविवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। करीब साढ़े सात बजे आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली।

शनिवार रात हुई हल्की बारिश के बाद रविवार सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। सुबह के समय मौसम में नमी और उमस महसूस की जा रही थी, लेकिन साढ़े सात बजे के आसपास मौसम पूरी तरह बदल गया और तेज बारिश शुरू हो गई।

बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण ठंडा हो गया। लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। रविवार का दिन होने



के कारण अधिकतर लोग अपने घरों में ही रहे। बारिश शुरू होते ही लोग छतों, बालकनी और बरामदों में पहुंच गए। कई लोग मौसम का आनंद लेते नजर आए।

बारिश की बूंदों और ठंडी हवाओं ने पूरे इलाके का माहौल बदल दिया। सुबह का समय पूरी तरह सुहाना हो गया और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

बारिश के बाद अकबरपुर के बाजार और सड़कों पर भी असर देखने को मिला। कई जगहों पर आवाजाही थोड़ी धीमी रही। हालांकि मौसम ठंडा होने से लोगों के चेहरे पर राहत दिखाई दी।

# सम्पादकीय

## शिक्षकों के बिना शिक्षा, करीब दस लाख पद खाली



यह निराशाजनक है कि राज्यों में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति को फिर से चिंता जतानी पड़ी। इस समिति ने पिछले वर्ष भी स्कूली शिक्षकों के खाली पड़े पदों पर चिंता जताते हुए उन्हें इस वर्ष मार्च तक भरने की आवश्यकता पर बल दिया था, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया और इसीलिए अब इस समिति ने शिक्षकों के खाली पद भरने में देरी करने वाले राज्यों की वित्तीय मदद रोकने का सुझाव दिया है। समिति के अनुसार जब तक राज्य शिक्षकों के खाली पद नहीं भरते, तब तक उन्हें समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय मदद न दी जाए।

यदि ऐसा किया जाता है तो यह भी संभव है कि राज्य वित्तीय सहायता के अभाव में रिक्त शिक्षकों के पद भरने में और अधिक सुस्ती दिखाएं। यह ध्यान रहे कि संसदीय समिति की तरह से शिक्षा मंत्रालय भी राज्यों से शिक्षकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने का आग्रह कर चुका है, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। यह सामान्य बात नहीं कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शिक्षकों के करीब दस लाख पद खाली पड़े हैं। इनमें लगभग साढ़े सात लाख पद प्राथमिक शिक्षकों के है। इसका अर्थ है कि शिक्षा की बुनियाद ही कमजोर की जा रही है।

यह एक विडंबना ही है कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने में पिछले कई वर्षों से ढिलाई बरती जा रही है। यह ढिलाई यही बताती है कि राज्य सरकारें स्कूली शिक्षा की दशा-दिशा सुधारने के प्रति गंभीर नहीं। उनकी इस अगंभीरता का परिचय उन सर्वेक्षणों से मिलता है, जो प्राथमिक शिक्षा की दयनीय दशा को रेखांकित करते रहते हैं। ये सर्वेक्षण यह बताते रहे हैं कि किस तरह चौथी-पांचवीं के छात्रों को सामान्य जोड़-घटाव करने में कठिनाई होती है या फिर वे दो-तीन वाक्य भी सही तरह नहीं लिख पाते।

यह ठीक नहीं कि राज्य सरकारें समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूली शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय मदद तो लें, पर शिक्षकों के रिक्त पद भरने में आनाकानी करें। यह विचित्र है कि जो काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, वही एजेंडे से बाहर दिखता है। इसका प्रमाण यह है कि कुछ राज्यों में कई वर्षों से बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद खाली बने हुए हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में 2.17 लाख पद खाली हैं। बिहार में 1.92 लाख शिक्षकों के पद रिक्त हैं तो झारखंड में 72 हजार और मध्य प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल में 55-55 हजार। अपेक्षाकृत संपन्न और छोटे राज्य हरियाणा में भी 15 हजार शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। शिक्षकों के खाली पद भरने में कोताही एक तरह से देश की भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ जानबूझकर किया जा रहा खिलवाड़ ही है।

# अपने लाभ के लिए भारत की छवि बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं ट्रंप

> राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियां अपमानजनक हैं। अमरीका को समझना होगा कि आपसी संबंधों की नींव सम्मान और साझा हित हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की बयानबाजी को महज चुनावी स्टंट मानकर भी खारिज नहीं किया जा सकता।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले की घटना के कारण भारत के बारे में की गई टिप्पणी मीडिया की सुर्खियों से गायब जरूर हो गई, लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत की छवि पर एक और आघात करके राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी अविश्वसनीयता का ही परिचय दिया है। उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में भारत को 'नरक जैसी जगह' (हेलहोल) बताया गया। यह टिप्पणी दक्षिणपंथी रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पॉडकास्ट से ली गई थी जिसमें उन्होंने अमेरिका में जन्म-आधारित नागरिकता (बर्थराइट सिटीजनशिप) के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए भारत और चीन जैसे देशों को निशाना बनाया। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे बिना किसी टिप्पणी के शेयर कर दिया, जो अमेरिका की घरेलू राजनीति के संदर्भ में उनके एजेंडे को आगे बढ़ाती है। हालात की नजाकत को देखते हुए भारत ने आक्रामक पलटवार से परहेज किया। हां, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जरूर कहा कि, ₹ये टिप्पणियां अज्ञानता से भरी, अनुचित और निम्नस्तरीय हैं। ये भारत-अमेरिका संबंधों की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करतीं।₹ दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत चल रही है। मजबूत रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को ध्यान में रखते हुए भारत अमेरिका से टकराव नहीं चाहता लेकिन अमरीका को भारत के सब्र की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए।

सैवेज के 'सैवेज नेशन' एपिसोड में कहा गया कि अमेरिका में जन्मा कोई बच्चा तुरंत नागरिक बन जाता है जिसका फायदा उठाकर 'चीन, भारत या दुनिया की किसी दूसरी नरक जैसी जगह' से प्रवासी परिवार आ जाते हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आधुनिक प्रवासी अमेरिका के प्रति वफादार नहीं हैं और भाषा-संस्कृति को बदल रहे हैं। सैवेज ने भारतीय और चीनी प्रवासियों को 'लैपटॉप वाले गैंगस्टर' तक कह डाला, जो टेक्नोलॉजी सेक्टर में अमेरिकी नागरिकों के अवसर छीन रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह पोस्ट जन्मसिद्ध नागरिकता पर संवैधानिक संशोधन की अपनी मुहिम के बीच शेयर की, जो अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि यह नीति 'बर्थ टूरिज्म' को बढ़ावा दे रही है, हालांकि कनाडा और मेक्सिको जैसे कई देशों में ऐसी ही व्यवस्था है।

ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप का लक्ष्य भारत कम, अमेरिका वोटर ज्यादा थे। बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म करने से दक्षिणपंथी आधार मजबूत होगा। रेडियो होस्ट सैवेज जैसे सहयोगी नस्लवादी टोन सेट कर रहे हैं। मिडटर्म चुनावों में प्रवासी मुद्दा बड़ा है। रेटिंग गिरने पर सुर्खियां बटोरना राष्ट्रपति ट्रंप की पुरानी चाल नजर आती है। भड़काऊ बयानों से अपने आधार को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। चीन का नाम भी लिया गया, लेकिन भारत पर फोकस ने यहां राजनीतिक बवाल खड़ा कर दिया। भारत जैसे सहयोगी देशों को निशाना बनाकर राष्ट्रवाद जगाना उनका हथकंडा लगता है, लेकिन यह दोनों देशों के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के रवैये से ऐसा लगता है जैसे उनको भारत की परवाह नहीं है।

राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणी के बाद विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने इसे 'अत्यंत अपमानजनक' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे राष्ट्रपति ट्रंप से बात करने की मांग की। कांग्रेस की प्रमुख नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, ₹ट्रंप ने भारत को नरक कहा, लेकिन सरकार चुप है।₹ भाजपा के राम माधव ने हडसन इंस्टीट्यूट में प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए अपमानजनक शब्दों पर चिंता जताई। अमेरिका में 55 लाख भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जो एशियाई समुदाय का बड़ा हिस्सा हैं। ये प्रतिक्रियाएं घरेलू राजनीति को भी प्रभावित कर रही हैं। इस बीच अमेरिकी दूतावास ने सफाई दी कि ट्रंप ने भारत को 'महान देश' कहा है, जहां उनका 'अच्छा दोस्त' शीर्ष पर है—यह पीएम मोदी की ओर इशारा था। इस तरह की सफाई से भारत के जनमानस में अमेरिका के प्रति पैदा हो रहा अविश्वास कम नहीं होने वाला।

भारत-अमेरिकी रिश्तों में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव हो रहा है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में 'हाउडी मोदी' (2019) जैसे आयोजन हुए, जहां पीएम मोदी ने 'अबकी बार ट्रंप सरकार' का नारा तक दिया। पहले कार्यकाल में जुलाई 2019 में ट्रंप ने कश्मीर पर मध्यस्थता की पेशकश की, जिसे भारत ने सिरे से खारिज किया। पिछले साल पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक संघर्ष रोकने का श्रेय खुद लेने की कोशिश की। जुलाई 2025 में भारतीय उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाया, भारत को ईरान और रूस से तेल खरीदने से रोका।

दोनों देशों के रिश्ते रक्षा, व्यापार और क्वाड जैसे मंचों पर मजबूत हैं। इसके बावजूद ट्रंप का अस्थिर रवैया चुनौतीवूर्ण है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में संबंध गहरे हुए, लेकिन दूसरे कार्यकाल में ट्रंप भारत को अपमानित करने का कोई न कोई बहाना तलाशते रहते हैं। साथ ही भारत के विरोधी पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आते हैं। वे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश को हीरो बनाने में लगे हुए हैं। ऐसा लगता है कि वे पाकिस्तान को हथियार बनाकर भारत पर दबाव भी बनाने लगे हैं। इसलिए भारत को सतर्क रहना होगा। भारत को रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखनी होगी। अमरीका अस्थिर साझेदार बन गया है, इसलिए हर स्थिति के लिए तैयारी जरूरी।

भारत की नपी-तुली प्रतिक्रिया का कारण यह है कि वह आग में घी नहीं डालना चाहता। भारत चाहता है कि मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्रता से अंतिम रूप दे दिया जाए। रक्षा सौदे, तकनीक हस्तांतरण जारी रहे और प्रवासियों में भय या निराशा जैसे भाव न पनपें। इसके बावजूद भारत को सभी मंचों पर मजबूती दिखानी होगी।

भारत को चौकस तो रहना ही होगा। सरकार को रक्षा सहित सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर जोर देना होगा, ताकि कोई भी देश भारत का अपमान करने का साहस नहीं कर सके।

**ज्ञान चंद पाटनी**

# वैश्विक संकट बना अमेरिका-ईरान का टकराव

होर्मुज समुद्री मार्ग पर ईरान के आधिपत्य जमाने की कोशिश और इसके जवाब में अमेरिका की ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के चलते पूरे विश्व में ऊर्जा का न केवल संकट बरकरार है, बल्कि वह गहराता भी जा रहा है। जहां अमेरिका ईरान के तेल टैंकरों को नहीं निकलने दे रहा है, वहीं ईरान होर्मुज से तेल और गैस लेकर आ रहे जहाजों को रास्ता नहीं दे रहा है। एक तरह से दोनों देश अड़ियल रवैया अपनाए हुए हैं।

ट्रंप ने युद्धविराम को अनिश्चित-काल के लिए बढ़ाने के बाद जब ईरान पर परमाणु मसले पर जल्द समझौते के लिए दबाव डालना शुरू किया तो प्रांरभ में तो वह इस दबाव का प्रतिकार करते दिखा, लेकिन अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी से वह अब कुछ बेचैन दिख रहा है। इसका कारण यह है कि वह जिस तेल का उत्पादन कर रहा है, उसका निर्यात नहीं कर पा रहा है और उसके पास अब और अधिक तेल के भंडारण की क्षमता नहीं बची। ऐसे में उसे अपने तेल कुओं को बंद करना पड़ सकता है। इसके नतीजे में उन्हें स्थायी रूप से नुकसान पहुंच सकता है। शायद इसी कारण ईरान ने पाकिस्तान के जरिये अमेरिका को नया प्रस्ताव भेजा, लेकिन वह ट्रंप को रास नहीं आया। देखना है कि इसके बाद ईरान क्या करता है और ट्रंप क्या करते हैं? यदि ईरान परमाणु मसले पर समझौते से इन्कार करता रहता है तो ट्रंप उसे नए सिरे से निशाना बना सकते हैं, लेकिन उनके लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट को लेकर वे अपने घर में ही आलोचना से घिर गए हैं। उनके रक्षा मंत्री विपक्षी डेमोक्रेट सांसदों को यह बता पाने में नाकाम हैं कि ईरान के खिलाफ चले 40 दिन के युद्ध में अमेरिका को क्या हासिल हुआ? अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता विफल होने और दूसरे दौर की वार्ता कराने में पाकिस्तान के नाकाम हो जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने संकट सुलझाने के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की, लेकिन इससे भी बात बनती नहीं दिखी।

**संजय गुप्त**

# प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से आ रहा व्यापक बदलाव

**विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि और सकारात्मक परिणामों को देखते हुए जिला प्रशासन ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मऊ, मानिकपुर और राजापुर जैसी अन्य तहसीलों में भी इस निःशुल्क कोचिंग सुविधा का विस्तार करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार का यह प्रयास स्पष्ट करता है कि शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय असमानता को मिटाने के लिए प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है।**

उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार का विजन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जो न केवल आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों का संबल बनी हैं, बल्कि युवाओं और बुजुर्गों के जीवन में एक व्यापक सकारात्मक परिवर्तन भी लेकर आई हैं। इसी कड़ी में चित्रकूट जनपद में संचालित समाज कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण पहल मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और वृद्धजन आश्रम जैसी परियोजनाएं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं। यह शासन की दूरदर्शिता और जिला प्रशासन की सक्रियता का ही परिणाम है कि आज बुंदेलखंड के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले प्रतिभाशाली छात्र अपनी आंखों में प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना हकीकत में बदलते देख रहे हैं और असहाय बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रदेश के मेधावी युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी कदम के रूप में उभरी है। प्रदेश सरकार की इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य उन आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग और उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान करना है, जो संसाधनों के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं की



तैयारी से दूर रह जाते थे। चित्रकूट के राजकीय जिला पुस्तकालय कर्वी में संचालित इस केंद्र पर वर्तमान में 301 छात्र-छात्राएं सिविल सेवा, जेईई, नीट और अन्य एकदिवसीय परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कक्षाएं प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना की गुणवत्ता और सार्थकता का जीवंत प्रमाण श्री दिवाकर सिंह की सफलता में झलकता है। दिवाकर सिंह ने इसी कोचिंग के माध्यम से तैयारी करते हुए उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त कर समीक्षा अधिकारी के पद पर अपना चयन सुनिश्चित किया। दिवाकर सिंह की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेधा का परिणाम है, बल्कि यह प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त शैक्षिक संसाधनों की उपयोगिता को भी रेखांकित करती है। उनकी इस सफलता ने चित्रकूट के अन्य ग्रामीण और दूर-दराज के विद्यार्थियों में एक नया आत्मविश्वास भरा है।

शिक्षा के साथ-साथ समाज का एक अन्य संवेदनशील हिस्सा हमारे बुजुर्ग हैं, जिनके प्रति उत्तरदायित्व निभाना किसी भी कल्याणकारी शासन का आधार होता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धजन आश्रम इसी मानवीय दृष्टिकोण का एक उत्तम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। विनायकपुर, विकास खंड कर्वी स्थित यह आश्रम निराश्रित और असहाय बुजुर्गों को न केवल छत प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें ससम्मान भोजन और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता के सुखद परिणाम सामने आए हैं। एक 100 वर्षीय वृद्धा, जिन्हें उनके परिजनों द्वारा परित्यक्त कर दिया गया था, को प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित आश्रम तक पहुंचाया। इसके पश्चात प्रशासन के निरंतर प्रयासों से परिजनों को अपनी नैतिक भूल का आभास हुआ और वे उन्हें पुनः अपने साथ ले गए। इसी प्रकार रामघाट क्षेत्र में भिक्षाटन कर अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन करने वाली एक असहाय वृद्ध महिला को जिला प्रशासन ने तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उचित उपचार दिलवाया और स्वस्थ होने के पश्चात उन्हें वृद्धजन आश्रम में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया। प्रदेश सरकार के ये प्रयास स्पष्ट करते हैं कि प्रशासन न केवल युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए कृतसंकल्पित है, बल्कि समाज के सबसे असुरक्षित बुजुर्गों को सुरक्षा और सम्मान दिलाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश सरकार की इन योजनाओं ने चित्रकूट जैसे जनपद में एक गहरे सामाजिक बदलाव की नींव रखी है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से लेकर वृद्धजन आश्रम तक की यह यात्रा शासन की सबका साथ, सबका विकास की मूल भावना को धरातल पर चरितार्थ कर रही है। इन पहलों से जहां दिवाकर सिंह जैसे निर्धन मेधावियों को अपनी मंजिल मिल रही है, वहीं बेसहारा बुजुर्गों को भी समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो रहा है। प्रशासन द्वारा संचालित ये कार्यक्रम आज पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गए हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि जनहित में समर्पित सरकारी योजनाएं किस प्रकार एक समृद्ध और संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकती हैं।

## ऋषि असित...

गजेंद्र सिंह

# क्षत्रिय जिसने दुनिया को जागृति का मार्ग दिखाया

सिद्धार्थ गौतम का जन्म लगभग 563 ईसा पूर्व लुम्बिनी (आज का नेपाल) में हुआ था। वे शाक्य कुल के क्षत्रिय थे। उनके पिता शुद्धोधन कपिलवस्तु के राजा थे। क्षत्रिय होने के नाते उनसे उम्मीद थी कि वे शासन करें, प्रजा की रक्षा करें और न्याय स्थापित करें। इसलिए बचपन से ही उन्हें एक महान राजा बनाने के लिए घुड़सवारी, धनुर्विद्या, शस्त्र चलाना और राजनीति की शिक्षा दी गई । कहा जाता है कि जन्म के समय ऋषि असित ने भविष्यवाणी की थी कि यह बालक या तो महान सम्राट बनेगा या एक महान संत (बुद्ध)। राजा शुद्धोधन ने अपने पुत्र को हर तरह के दुःख से दूर रखने के लिए महल में सभी सुख-सुविधाएँ दीं ।

29 वर्ष की आयु में जब सिद्धार्थ पहली बार नगर भ्रमण पर निकले, तो उन्होंने चार महत्वपूर्ण दृश्य देखे, एक वृद्ध व्यक्ति, एक रोगी, एक मृत शरीर और एक संन्यासी। इन दृश्यों ने उनके मन को गहराई से झकझोर दिया। एक योद्धा जो बाहरी शत्रुओं से लड़ना जानता था, अब जीवन के असली शत्रुओं, बुढ़ापा, बीमारी और मृत्यु से परिचित हुआ। शांत और संतुष्ट संन्यासी को देखकर उनके मन में सवाल उठा कि क्या इन दुखों से मुक्ति का कोई रास्ता है? उन्होंने सोचा, यदि वे अपनी प्रजा को मृत्यु और दुख से नहीं बचा सकते, तो राजा बनने का क्या अर्थ है? यही सवाल आगे चलकर उनके जीवन की दिशा बदलने वाला बना।

उसी रात सिद्धार्थ ने चुपचाप महल छोड़ दिया। इस घटना को महाभिनिष्क्रमण कहा जाता है। एक क्षत्रिय के लिए मुकुट, तलवार और राज्य छोड़ना बहुत



बड़ा त्याग था। लेकिन उन्होंने यह कदम हार मानकर नहीं, बल्कि जीवन के बड़े सत्य की खोज के लिए उठाया । इसके बाद उन्होंने छह वर्ष तक उरुवेला के जंगलों में कठोर तपस्या की। उन्होंने आलार कालाम और उद्दक रामपुत्त से ध्यान की शिक्षा ली। फिर उन्होंने अपने शरीर को इतना कष्ट दिया कि वे दिन में केवल एक चावल के दाने पर ही रहने लगे। उनका संकल्प बहुत मजबूत था, या तो सत्य मिलेगा या मृत्यु। लेकिन अंत में उन्हें यह समझ आया कि शरीर को अत्यधिक कष्ट देना सही मार्ग नहीं है। इससे सत्य की प्राप्ति नहीं होती। यही समझ आगे चलकर उनके जीवन में एक नया रास्ता खोलती है।

सुजाता नाम की एक कन्या से खीर ग्रहण करने के बाद सिद्धार्थ ने एक नया मार्ग चुना मध्यम मार्ग। यह भोग और कठोर तपस्या, दोनों के बीच का संतुलित रास्ता था। उनका समझना था कि किसी भी अति से शक्ति कमजोर होती है, जबकि संतुलन से ही जीवन का संघर्ष जीता जा सकता है।

# जरा हटके

## इसे 'सेंटर ऑफ ...

कुमार कृष्णन

# वैश्विक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है जमालपुर का इरिमी

भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान (इरिमी), जमालपुर, बिहार में स्थित भारतीय रेलवे का सबसे पुराना और प्रमुख केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान है।

अब इस संस्थान का कद बढ़ा और यह रेलवे का डिजास्टर हब बन गया है। यह संस्थान एकीकृत सेंट्रल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के रूप में काम करेगा। इस संस्थान का बेंगलुरु के आईआरआईडी संस्थान के साथ विलय हो गया है। इससे प्रशिक्षण और तकनीक को मिलेगा नया आयाम, बढ़ जाएगी दक्षता । बैसे जमालपुर रेल कारखाना इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का आधार है। इस मसौदे की स्वीकृति से अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलेगा। महाभारत काल में मुंगेर कर्ण द्वारा शासित अंग प्रदेश की राजधानी थी। मुंगेर बंगाल के नवाब मीर कासिम का भी गढ़ था, जिन्होंने यहीं पर ईस्ट इंडिया कंपनी से युद्ध किया था। इस स्थान पर पारंपरिक रूप से आग्नेयास्त्र बनाने का कौशल प्रचलित था, इसलिए ईस्ट इंडियन रेलवे ने जमालपुर को रेल कारखाने के लिए चुना। चयनित स्थान राजमहल पर्वतमाला पठार का एक भाग की तलहटी में था, जो नदी की बाढ़ के किसी भी खतरे से सुरक्षित रहने के लिए पर्याप्त ऊंचाई पर स्थित था। गंगापहाड़ियों ने इसे दुश्मन के किसी भी संगठित हमले से सुरक्षित रखा। इस स्थान पर बाबा जमाल साहब का मकबरा है, जिनके नाम पर इस जगह का नाम जमालपुर पड़ा।

जमालपुर रेलवे कारखाना की स्थापना 8 फरवरी 1862 को हुई थी। भारतीय रेलवे यांत्रिक एवं विद्युत



अभियंत्रण संस्थान की स्थापना रेल इंजन कारखाना जमालपुर के परिसर में वर्ष 1888 ईस्वी में हुआ था। पहले से रेल कारखाना के टेक्निकल स्कूल के रूप में जाना जाता था। वर्ष 1905 में यहां यूरोपियन अप्रेंटिस और बाद में 1911 में पार्टीशन अप्रेंटिस प्रशिक्षण आरंभ हुआ। इस बीच पहला विश्व युद्ध के दौरान देश में इंडियन इंडस्ट्रियल कमीशन का गठन हुआ, क्योंकि भारतीय रेल की कमजोरी युद्ध के दौरान उजागर हो चुकी थी। इसी क्रम में इस संस्थान में भारतीय अप्रेंटिस मैकेनिक को पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण कार्य आरंभ हुआ। जिसके बाद 14 फरवरी 1927 को स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस का पहला बैच इस संस्थान में शामिल किया गया था और तब इसका नाम टेक्निकल स्कूल ही था। बाद में 1974 में इसका नामकरण इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के रूप में किया गया। इस संस्थान के रखरखाव की जिम्मेदारी सीधे रेलवे बोर्ड को दी गई। यहां के महानिदेशक अनिमेष सिन्हा हैं। इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट' को इरिमी में विलय करने के मसौदे के बाद यह आपदा प्रबंधन का प्रमुख केंद्र बन गया है, वैश्विक ऊँचाई की उड़ान भर रहा है। इरिमी ने तंजानिया के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देकर अपनी वैश्विक उपस्थिति दर्ज कराई है। इसे 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और आपदा प्रबंधन का हब होगा। यह न केवल रेल अधिकारियों को प्रशिक्षित करता है, बल्कि अब वैश्विक आपदा प्रबंधन केंद्र के रूप में तंजानिया जैसे देशों के प्रतिनिधिमंडल को भी प्रशिक्षण दे रहा है।

# ग्रन्थों की गौरवपूर्ण भूमिका

मोह का पूर्णरूप से नाश करने के लिए अथवा वीतरागता को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को अपनी आत्मा के साथ , कर्म शरीर के साथ , अपनी इन्द्रियों के साथ , अपने मन के साथ, अपने विकारों के साथ और अपने भावों के साथ युद्ध करना होगा । इस आत्मयुद्ध के लिए ग्रन्थों को पढ़ समझकर आदि भेद विज्ञान रूपी शस्त्र को हमें काम में लेना होगा । यह आत्मयुद्ध ही सबसे बड़ा युद्ध हैं । अनेक धार्मिक ग्रन्थ हैं । सद्साहित्य पठन एवं मनन का बहुत बड़ा हाथ जीवन परिमार्जित करने में है । इसमें सबका एकमत है कि पीढ़ी दर पीढ़ी जीवन को परिष्कृत करने में आदर्श हस्तियों द्वारा रचित सद्साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका है । सद् साहित्य ज्ञान का खजाना है । जीवन निर्माण का आदर्श पैमाना है गुरुजन कहते हैं कि युगों-युगों से सद् साहित्य ज्ञान संप्रेषण का अपरिहार्य साधन है । वेद, पुराण, आगम आदि इसके साक्षात उदाहरण हैं। हजारों वर्षों से यह ज्ञान पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित है वह पठन ही इसका मुख्य कारण है। सभी सफल व्यक्तियों की साहित्य के प्रति अनुरक्ति पाएंगे । इसी कारण सद्साहित्य-निर्माण की प्रवृत्ति अनवरत प्रवाहमान है । इसीलिए तो विद्वत् जन ने माना है कि सद्साहित्य तो ज्ञान का ख़ज़ाना है । मंगल की कामना हर कोई करता है – मंगल अपने लिए भी व दूसरों के लिए भी । धर्म उत्कृष्ट मंगल है – लेकिन कौनसा धर्म ? जैन धर्म, बौद्ध धर्म, सनातन धर्म, इस्लाम धर्म या कोई अन्य धर्म । यहाँ किसी धर्म विशेष का नामोलेख नहीँ किया गया है बल्कि गुणात्मकता का आधार लिया गया है । वह धर्म मंगल है – जहां अहिंसा, संयम व तप की आराधना हो । अहिंसा का अर्थ है – किसी प्राणी की हिंसा नहीँ करना व सबके साथ मैत्री रखना हैं । वह सबको अपने समान समझना – आत्म तुला का सिद्धांत है । वह जो मुझे प्रिय है वह दूसरों को भी प्रिय है व जो मुझे अप्रिय हैं वह दूसरे को भी अप्रिय है । हम जिस व्यवहार को दूसरों लिए नहीँ चाहते वैसा व्यवहार दूसरों के साथ भी हम नहीं करें । साधु तीन करण व तीन योग से अहिंसा, संयम व तप का पालन करते है ।

**> प्रदीप छाजेड़**

# रील बनाने पानी की टंकी पर चढ़े थे, सीढ़ी टूटने से 3 नीचे गिरे, एक की मौत

# 2 बच्चों का एयरफोर्स हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

सिद्धार्थनगर । यूपी के सिद्धार्थन-गर में पानी की टंकी पर 16 घंटे से फंसे बच्चों का एयरफोर्स के MI-17 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। दोनों को गोरखपुर के एयरफोर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शनिवार को काशीराम आवास कॉलोनी में 5 बच्चे रील बनाने के लिए 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़े थे। उतरते वक्त सीढ़ी टूट गई। 3 बच्चे नीचे गिर गए। इनमें से



1 की मौत हो गई, जबकि 2 की हालत गंभीर है। 2 बच्चे रॉड पकड़कर लट गए। फिर धीरे-धीरे टंकी पर चढ़ गए। टंकी के आसपास दलदल होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आईं। हाइड्रॉलिक क्रेन मंगाई गई, लेकिन दलदल के कारण क्रेन टंकी तक नहीं पहुंच पाई। इसलिए 150 मीटर सड़क

**सूचना के बाद मौके पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन और एसएसपी अभिषेक महाजन समेत कई अफसर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। मौके पर पोकलेन बुलाकर मलबा हटाया गया। बच्चों तक रस्सी के जरिए खाना और पानी पहुंचाया गया।**

बनाने का काम शुरू किया गया। देर रात तक 120 मीटर तक सड़क बना ली गई। इस

### एयरफोर्स की मदद क्यों लेनी पड़ी

पानी की टंकी के चारों तरफ पानी भरा है। इस वजह से जमीन दलदल जैसी हो गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए गोरखपुर से हाइड्रॉलिक क्रेन मंगाई गई। इसमें लिफ्ट लगी होती है, जो सीढ़ी के जरिए 135 फीट ऊंचाई तक जाती है।

पहले हाइड्रॉलिक क्रेन का मेन सड़क पर ट्रायल किया गया। इस दौरान उसके लिफ्ट सेंसर में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद लखनऊ से क्रेन मंगाई गई। दूरी ज्यादा होने की वजह से देर होने लगी तो बचाव का अन्य रास्ता पर तलाशा गया।

बीच, रात करीब 3 बजे तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे काम रोकना पड़ा। हालात देखते हुए प्रशासन ने सेना की मदद मांगी। इसके बाद रविवार सुबह करीब 5.20 बजे एयरफोर्स का MI-17 हेलिकॉप्टर घटनास्थल पर पहुंचा। दोनों बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया।

12 साल का बाले सिद्धार्थनगर स्थित काशीराम आवास कॉलोनी में



सीढ़ी टूटने के बाद दो बच्चे पानी की टंकी पर ही फंस गए थे। डरे-सहमे बच्चे टंकी पर ही बैठे रहे।

### 26 साल से बंद है टंकी

बताया जाता है कि जिस टंकी पर बच्चे चढ़े थे, वो करीब 26 साल से बंद है। जर्जर होने के चलते उसका इस्तेमाल बंद कर दिया गया था। हालांकि, उस पर चढ़ने से रोकने के लिए प्रशासन की तरफ से कोई बोर्ड या सूचना नहीं दी गई थी।

अपने मौसेरे भाई दीपचंद के घर चार दिन पहले आया था। शनिवार दोपहर 3 बजे वो पड़ोस के गोलू (15), शनि (11), कल्लू (15) और पवन (16) के साथ आवास के पास ही जर्जर पानी की टंकी पर रील बनाने के लिए चढ़ गया।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

## काशीपुर में शराब में जहर मिलाकर पिलाया

तमसा संकेत, एजेंसी

ऊधम सिंह नगर । ऊधम सिंह नगर में प्रेम प्रसंग के कारण महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को जहर देकर मार डाला। हत्या के बाद दोनों ने सबूत मिटाने के लिए शव को नहर में फेंक दिया।

एक मई को परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। सर्विलांस और पूछताछ के आधार पर सच्चाई सामने आई और पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस और SDRF की टीम नहर में शव की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है।

एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि यह घटना 1 मई 2026 को सामने आई, जब उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के स्वार थाना क्षेत्र निवासी चंद्रवती ने काशीपुर की आईटीआई कोतवाली में शिकायत



दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका बेटा कुलवंत सिंह 25 अप्रैल को अपनी पत्नी गुड्डी (28) से मिलने काशीपुर के बांसखेड़ा गांव गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

एसएसपी ने बताया कि परिजनों ने बहू गुड्डी से पूछताछ की तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिए। इस बीच स्थानीय लोगों ने बताया कि 25 अप्रैल को पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद से कुलवंत लापता है। संदेह गहराने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

एसएसपी ने बताया कि जांच के दौरान सर्विलांस की मदद से चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

**फास्ट न्यूज**

### गंगा में खड़े होकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

गाजीपुर । गाजीपुर के नारी पचदेवरा गांव के ग्रामीणों ने रविवार को गंगा नदी के बीच खड़े होकर प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन का उद्देश्य नारी पचदेवरा (गाजीपुर) को अमादपुर (चंदौली) से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर पीपे के पुल के निर्माण की मांग उठाना था। ग्रामीणों के अनुसार, यह पुल क्षेत्र की एक बुनियादी आवश्यकता है।

### गोरखपुर से 81 दिनों की गो सेवा यात्रा शुरू

गोरखपुर। ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्व-रानंद सरस्वती रविवार सुबह गोरखपुर से 81 दिन की गो सेवा यात्रा की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत सहारा एस्टेट स्थित भारत माता मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- हम यहां योगी आदित्यनाथ के लिए नहीं आए हैं। गोरक्षा के नाम पर इस जगह का नाम है। गुरु गोरखनाथ की तपोस्थली है, इसलिए हम यहां से यात्रा शुरू कर रहे हैं। केवल उन्हें जानकारी देनी होती तो हम प्रदेश के किसी जिले में करते उन तक जानकारी पहुंच ही जाती।

### गोरखपुर में पकड़ा गया सिरफिरा

गोरखपुर । गोरखपुर के खोराबार इलाके में एक सिरफिरा युवती के कमरे में घुस गया और रेप की कोशिश करने लगा। युवती के शोर मचाने पर घरवाले आए और सिरफिरे युवक की पकड़कर खूब पिटाई की। इसके बाद खोराबार थाने की पुलिस को सौंप दिया। युवती ने आरोप लगाया कि सिरफिरा युवक काफी दिनों से उसे ब्लैकमेल कर रहा है। उसके पास युवती की कुछ फोटो है, जिसे वायरल करने की धमकी देता है।

# एआई और स्मार्ट मशीनों की दुनिया से जुड़ेंगे छात्र

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बदलती तकनीक के बीच अब स्कूलों में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और स्मार्ट ऑटोमेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का दायरा बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में एसीआईसी एमआईईटी मेरठ फाउंडेशन ने समग्र शिक्षा (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से "अरुडिनो प्रोग्रामिंग एवं सेंसर-एक्चुएटर इंटरफेसिंग" विषय पर दो दिवसीय ऑनलाइन शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 48 जिलों के 100 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्कूलों के नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए उन्हें छात्रों को प्रायोगिक एवं नवाचार आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण



**एसीआईसी एमआईईटी ने शिक्षकों को दी आधुनिक तकनीक की ट्रेनिंग**

सत्रों के दौरान विशेषज्ञों ने शिक्षकों को अरुडिनो प्रोग्रामिंग, सेंसर एवं एक्ट्यूएटर्स के उपयोग, इलेक्ट्रॉनिक प्रोजेक्ट निर्माण, रियल-टाइम इंटर-फेसिंग तथा 3डी प्रिंटिंग जैसी तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में ऑटोमेशन और स्मार्ट डिवाइसेज़ का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है, जिससे कार्य अधिक तेज, सरल और सटीक बन रहे हैं।

# रामनगर सीट पर भाजपा में बढ़ी हलचल

## दावेदारों के बीच तेज हुई टिकट की जंग शरद अवस्थी, शेखर हयारण और गौरीकांत दीक्षित बीच मुकाबला रोचक

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र रामनगर विधानसभा सीट (267) पर भारतीय जनता पार्टी के भीतर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। टिकट को लेकर दावेदारों की सक्रियता और कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ती हलचल ने इस सीट को जिले की सबसे चर्चित सीटों में शामिल कर दिया है। फिलहाल पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित और जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण के बीच दावेदारी को लेकर प्रतिस्पर्धा तेज होती नजर आ रही है। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी इस सीट पर सबसे अनुभवी और मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। वर्ष 2017 में विधायक चुने गए अवस्थी ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में कई विकास कार्य कराए, जिनकी चर्चा आज भी ग्रामीण इलाकों में होती है। पार्टी ने उनके कामकाज पर भरोसा जताते हुए 2022 में भी उन्हें टिकट दिया था, लेकिन उस चुनाव में उन्हें बेहद कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि हार के बाद भी उन्होंने क्षेत्र से दूरी नहीं बनाई और लगातार जनसंपर्क में सक्रिय बने रहे। क्षेत्रीय कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों और आमजन के सुख-दुख में सहभागिता ने उनकी पकड़ को मजबूत बनाए रखा है। उनके समर्थकों का मानना है कि पिछली बार की करीबी हार इस बार जीत में बदल सकती है।










**कार्यकर्ता अपने-अपने पसंदीदा नेताओं के समर्थन में माहौल बनाने में जुटे**

कार्यकर्ता अपने-अपने पसंदीदा नेताओं के समर्थन में माहौल बनाने में जुटे हैं, जिससे पार्टी के अंदरूनी समीकरण और दिलचस्प हो गए हैं। हालांकि, टिकट को लेकर स्थिति अभी भी स्पष्ट नहीं है और असमंजस बना हुआ है। अब क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं की नजरें पार्टी नेतृत्व के अंतिम फैसले पर टिकी हैं। रामनगर सीट पर यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा अनुभव पर भरोसा जताते हुए पुराने चेहरे को दोबारा मौका देती है या फिर बदलाव की रणनीति अपनाकर नए उम्मीदवार को मैदान में उतारती है। फिलहाल टिकट को लेकर सस्पेंस बरकरार है और आने वाले दिनों में यह राजनीतिक समीकरण और भी रोचक होने की संभावना है।

**राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा उम्मीदवार चयन के दौरान कई अहम बिंदुओं पर विचार करेगी, जिनमें पिछला चुनाव प्रदर्शन, उम्मीदवार की जनस्वीकृति, संगठन में पकड़, जातीय समीकरण और वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति प्रमुख होंगे। पार्टी का मुख्य उद्देश्य इस सीट पर जीत सुनिश्चित करना होगा, इसलिए निर्णय काफी सोच-समझकर लिया जाएगा।**

# महिलाओं के अधिकारों पर वार, सपा कांग्रेस है जिम्मेदार

## 'महिलाओं ने निकाली जनाक्रोश रैली'

तमसा संकेत, संवाददाता

पयागपुर (बहराइच) । रविवार को पयागपुर विकास क्षेत्र में नारी शक्ति बंदन अधिनियम का विरोध करने पर विपक्ष के खिलाफ महिलाओं ने विधायक सुभाष त्रिपाठी के नेतृत्व में जनाक्रोश रैली निकाल कर विपक्षी दलों के इस कृत्य का विरोध किया।रैली में ब्लॉक प्रमुख गीता देवी ,वरिष्ठ समाज सेवो हरी ओम रस्तोगी ,विधान सभा संयोजक निशंक त्रिपाठी और मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय भी शामिल हुए।

रैली के पूर्व ब्लॉक सभागार में आयोजित नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा आधी आबादी को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कटिबद्ध है।सरकार द्वारा महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए




अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।जनधन खाता हो चाहे निशुल्क आवास हो महिलाओं को परिवार के मुखिया के रूप में दर्ज किया जा रहा है।शिक्षा ,चिकित्सा और अन्य विभागों में महिलाएं तेजी से आगे आकर कार्य कर रही है।बालिका शिक्षा और महिलाओं के स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सरकार ज्यादा बजट दे रही है।महिलाएं आगे आए यह बात विपक्ष को हजम नहीं हो रही। ग्राम पंचायतों की तरह से संसद और विधान सभाओं में भी सरकार एक तिहाई सीटें महिलाओं को देने लिए नारी शक्ति बंदन अधिनियम विधेयक लाई थी जिसे विपक्ष ने पारित नहीं होने दिया। विधान सभा संयोजक निशंक त्रिपाठी ने कहा कि महिलाएं अपने अपमान का हिसाब आने आने चुनावों में विपक्ष से लेंगी।

### मनीष के हत्यारोपियों के 5 शरणदाता गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र में मनीष सिंह के हत्यारोपी एक सप्ताह बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। परिजनों के आक्रोश और राजनीतिक दबाव के बीच अब तक पुलिस हवा में तीर चला रही है, वहीं दूसरी ओर हत्यारोपियों के पांच मददगारों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

पुलिस का कहना है कि मनीष सिंह की पीट-पीटकर हत्या करने के बाद सभी आरोपियों ने अपने परिचित और रिश्तेदारों के घर शरण पाई थी। समोगरा गए हमलावरों ने गांव में रात बिताई फिर सुबह रिश्तेदारों के वाहन से दूसरे ठिकाने पर निकल गए। इन सभी ने हत्यारों को शरण दी है। गिरफ्तार आरोपियों में जौनपुर के नेवढ़िया केशवपुर निवासी किशन कुमार पुत्र बालकिशुन और आशीष कुमार पुत्र स्व0 रमेश कुमार, फूलपुर समोगरा निवासी अजय कुमार पुत्र लालधारी और शिव मोहन राजभर पुत्र लल्लन राजभर, रैचनपुर थाना चोलापुर निवासी प्रदीप भारद्वाज पुत्र प्यारेलाल राजभर शमाल हैं।

# केशी घाट पर नाविकों को लाइसेंस वितरण

**सुरक्षा मानकों के पालन के सख्त निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने केशी घाट पर नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा आयोजित नाविक रजिस्ट्रेशन कैंप में नाविकों को लाइसेंस प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नाविकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नाविकों की समस्याओं के समाधान के तहत सामान्य नाव के रजिस्ट्रेशन शुल्क को 500 रुपये तथा मोटर बोट के लिए 1500 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि करीब 400 नाविकों द्वारा पंजीकरण फार्म खरीदे जा चुके हैं, जबकि 135 नाविकों को पंजीकरण के बाद लाइसेंस प्रमाण पत्र जारी



किए जा चुके हैं। उन्होंने सभी नाव संचालकों को निर्देशित किया कि नावों में सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही लाइफ सेविंग जैकेट पहनना नाविकों एवं श्रद्धालुओं दोनों के लिए जरूरी होगा। नाव में बैठने वाले यात्रियों की संख्या भी निर्धारित की गई है, जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मथुरा-वृंदावन में नाव संचालन शुरू हो चुका है और नावों की फिटनेस की नियमित जांच के बाद ही संचालन की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल प्रशिक्षित नाविक ही नाव चला सकेंगे और बिना पंजीकरण व वैध लाइसेंस के कोई भी नाव संचालित नहीं होगी।

**सतर्क : एक की मौत, कानपुर में रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरा, 26 जिलों में अलर्ट**

# यूपी के 12 जिलों में आंधी-बारिश, पोल उखड़े

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज/ कानपुर। यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला थम नहीं रहा। लखनऊ और अयोध्या में रविवार तड़के आंधी के साथ बारिश हुई। बिजली भी कड़की। बस्ती, आजमगढ़, मऊ, देवरिया, बलिया, संत कबीरनगर और अंबेडक-रनगर में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। फर्रुखाबाद में आंधी से और पोल उखड़ गए। रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। कानपुर-फर्रुखाबाद रोड ब्लॉक हो गई। सुल्तानपुर में चक्की पर पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। एक अन्य घायल हो गया। कानपुर समेत ज्यादातर जिलों में बादल छाए हैं। बीच-बीच में धूप निकल रही है। ठंडी हवाओं की वजह से गर्मी से राहत है। मौसम विभाग ने आज 26 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 40 किमी. की रफ्तार से हवाओं के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई है। पश्चिमी यूपी में ओले भी गिर सकते हैं। पिछले 24 घंटे की बात करें तो ललितपुर-कुशीनगर में बारिश हुई। झांसी समेत 5 जिलों में आंधी चली। 43.6 डिग्री के साथ जालौन सबसे गर्म शहर रहा। 5 दिन में पारा 4°C तक लुढ़क गया है। 27 अप्रैल को बांदा में पारा 47.6°C पहुंच गया था। न्यूनतम तापमान की बात करें तो बिजनौर में पारा सबसे कम 18.4°C रिकॉर्ड किया गया।





### बारिश से फसलों को नुकसान, योगी बोले- अफसर फील्ड में उतरें

पिछले चारों दिनों से यूपी में बारिश का सिलसिला जारी है। इससे बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा है। खासतौर पर सब्जियों की फसल प्रभावित हुई हैं। खीरा-ककड़ी, खरबूज और तरबूज को सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण फसलें सड़ सकती हैं।

**लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया पहाड़ी इलाकों में बारिश से मौसम बदल गया है। तापमान में गिरावट और हवा में ठंड महसूस की जा रही है। आज से नया पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंट) एक्टिव हुआ है। इसके चलते आंधी-बारिश होगी। अगले 5 दिनों तक मौसम बिगड़ा ही रहेगा। तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिलेगी।**

### फर्रुखाबाद में आंधी-बारिश का कहर, पेड़ और बिजली के पोल गिरे

फर्रुखाबाद में शनिवार रात तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने खासा असर डाला। कमालगंज ब्लॉक क्षेत्र में कई स्थानों पर पेड़ और विद्युत पोल उखड़ गए। रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ, जबकि कानपुर–फर्रुखाबाद मार्ग पर भी पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया और लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### गाजीपुर में गंगा में खड़े होकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

गाजीपुर । गाजीपुर के नारी पचदेवरा गांव के ग्रामीणों ने रविवार को गंगा नदी के बीच खड़े होकर प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन का उद्देश्य नारी पचदेवरा (गाजीपुर) को अमादपुर (चंदौली) से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर पीपे के पुल के निर्माण की मांग उठाना था। ग्रामीणों के अनुसार, यह पुल क्षेत्र की एक बुनियादी आवश्यकता है। अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीपे का पुल बनने से गाजीपुर और चंदौली के बीच आवागमन सुगम हो जाएगा। इससे रामपुर मांझा, पहाड़पुर, धनईपुर, बेलासी, रसूलपुर जैसे आसपास के गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही, व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। गंगा किनारे उत्पादित सब्जियां, दूध और अन्य उत्पाद बड़ी मंडियों तक आसानी से पहुंच सकेंगे, जिससे किसानों और दुग्ध व्यवसायियों को उचित मूल्य मिल पाएगा।

# हमें कोई मरवा दे, किसी में हिम्मत नहीं : शंकराचार्य

## गोरखपुर गोविष्टि यात्रा से पहले धमकियां मिलीं

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को गोरखपुर से गोविष्टि यात्रा शुरू की। उन्होंने कहा, यात्रा शुरू करने से पहले मुझे कई तरह की धमकियां मिलीं। कुछ लोग कह रहे थे कि मुझे मारा जा सकता है। मगर मैं किसी भी तरह के डर से पीछे हटने वाला नहीं हूं।

शंकराचार्य ने कहा, किसी के माई के लाल में हिम्मत नहीं है कि हमें मरवा दे। अगर कोई पार्टी ऐसा करने की कोशिश करेगी, तो वह सत्ता से बेदखल हो जाएगी।

उन्होंने कहा, गोरखपुर की जनता निडर है और वह सच्चाई के साथ खड़ी है। कुछ शक्तियां इस आवाज को दबाना चाहती हैं। इस सरकार में इंजन ही इंजन है। डिब्बे नहीं हैं।

शंकराचार्य ने गोरखपुर से 81 दिन की गो सेवा यात्रा शुरू की है।



**अविमुक्तेश्वरानंद बोले- हम यहां योगी आदित्यनाथ के लिए नहीं आए**

कार्यक्रम की शुरुआत सहारा एस्टेट स्थित भारत माता मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। शंकराचार्य को प्रशासन ने 29 शर्तों के साथ कार्यक्रम की परमीशन दी थी।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- हम यहां योगी आदित्यनाथ के लिए नहीं आए हैं। गोरक्षा के नाम पर इस जगह का नाम है। गुरू गोरखनाथ की तपोस्थली है, इसलिए हम यहां से यात्रा शुरू कर रहे हैं।

### चिल्लाकर बोली- जान दे दूंगी, 9 घंटे तक ड्रामा किया, लवमैरिज की थी

# 500-500 के नोट बिछाकर सोने वाली लड़की टंकी पर चढ़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में 500-500 रुपए के नोट बिछाकर सोने वाली 32 साल की पल्लवी सिंह शनिवार दोपहर 1 बजे पानी की टंकी पर चढ़ गई। 50 फीट ऊंचाई से चिल्लाते हुए जान देने की धमकी देने लगी।

उसकी आवाज सुनकर सैकड़ों लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उससे नीचे उतरने को कहा। इस पर पल्लवी ने कहा- उसके खिलाफ दर्ज मुकदमा गलत है। जब तक उसे वापस नहीं लिया जाएगा, वह नीचे नहीं उतरेगी।

पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसने 9 घंटे तक हाई-वोल्टेज ड्रामा किया। रात 10 बजे वह टंकी से नीचे उतरी, जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई। मामला शहर से 15 किलोमीटर दूर फाफामऊ इलाके का है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पल्लवी ने मोहम्मद आलम से लव- मैरिज की थी। पति ने उसके खिलाफ फाफामऊ थाने में जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था।




### युवती बोली- रोज मेरे घर में चोरी करवाई जा रही

फेसबुक पर लाइव आकर युवती पल्लवी ने फाफामऊ इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि अतीक अहमद के रिश्तेदार आलम (पति) समेत अन्य लोगों से मिलकर आए दिन मेरे खिलाफ मुकदमा लिख देते हैं।

प्रयागराज प्रशासन से बहुत प्रताड़ित हो चुकी हूं, मेरे पास सुसाइड के अलावा कोई ऑप्शन नहीं है। मेरे घर में रोज चोरी करवाई जा रही है, यहां तक कि खुद फाफामऊ इंस्पेक्टर ने 2024 में मेरे घर में घुसकर चोरी की थी।

इसके बाद पल्लवी ने भी पति के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसी बीच



युवती अचानक पानी की टंकी पर चढ़ गई। चिल्लाते हुए वह जान देने की धमकी देने लगी।

### एक दिन पहले नोटों के साथ सामने आई थी तस्वीर

पल्लवी सिंह मूल रूप से बलिया की रहने वाली है। अभी फाफामऊ में रहती है। एक दिन पहले उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई थी, जिसमें वह 500-500 रुपए के नोट बिस्तर पर बिछाकर लेटी हुई थी और मोबाइल चला रही थी। शनिवार को दोपहर में एक बजे वह फाफामऊ के बसना नाला के पास बनी 50 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई।

वहां मौजूद लोगों को लगा कि युवती फोन पर बात करने गई है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- लड़की सीढ़ी का ताला तोड़कर ऊपर गई है। इसके बाद वहां भीड़ लग गई।

एक महिला राहगीर टंकी के ऊपर चढ़कर युवती को समझाने गई। लेकिन युवती ने फेसबुक लाइव शुरू कर दिया। युवती ने कहा- मैं लव जिहाद की शिकार हो चुकी हूं, मैंने गोली खा लिया है। मेरे खिलाफ पुलिस मुकदमा लिख देती है।

# कुरुक्षेत्र में एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया यूपी का शूटर

### दोनों पैरों में लगी गोलियां, कॉलेज चेयरमैन के घर पर की थी फायरिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र में हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन रजनीश बंसल के लाडवा स्थित घर पर फायरिंग करने वाले मुख्य शूटर को सीआईए-एक की टीम ने मुठभेड़ में काबू किया। नोनी राणा गैंग के मुख्य शूटर अर्जुन निवासी कोसीकला जिला मथुरा, यूपी के दोनों पांव में गोलियां लगीं।

अर्जुन को तुरंत लाडवा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। फायरिंग में सीआईए की टीम में शामिल कांस्टेबल विकास को गोली लगी। गनीमत रही कि कांस्टेबल ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी हुई थी। दोनों ओर से 8 से 10 राउंड फायरिंग हुई। टीम ने आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की बाइक और पिस्टल बरामद की।



सीआईए-एक के इंचार्ज प्रतीक कुमार ने बताया कि उनकी टीम मामले की छानबीन के लिए लाडवा में मौजूद थी। बीती रात करीब 10 बजे टीम को सूचना मिली कि हिनौरी रोड पर बगैर नंबर की बाइक पर संदिग्ध युवक घूम रहा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। टीम ने उस युवक को घेर रोकने की कोशिश की।

टीम को देखकर उस युवक ने फायरिंग शुरू कर दी। खुद का बचाव करते हुए टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों तरफ से 8 से 10 राउंड गोलियां चलीं। इसमें एक गोली कांस्टेबल विकास कुमार को लगी। विकास कुमार ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी हुई थी, जिससे उसका बचाव हो गया। फायरिंग के दौरान टीम ने आरोपी को सरेंडर करने की चेतावनी दी, लेकिन आरोपी की तरफ से फायरिंग नहीं रुकी, तो जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पांव में गोलियां लगीं। जख्मी होने पर टीम ने उसे काबू कर लिया और तुरंत लाडवा के सरकारी अस्पताल पहुंचाकर उसका इलजा शुरू करवाया।

अर्जुन ने 15-16 अप्रैल की रात करीब 12 बजे अपने दूसरे साथी के साथ मिलकर चेयरमैन के घर पर 18 राउंड से ज्यादा फायर किए थे। फायरिंग में घर के शीशे चकनाचूर हो गए थे।

## फास्ट न्यूज

### कानपुर में सोते समय पति पर हमला

बिल्हौर । कानपुर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के ककराहा गांव में शनिवार को घरेलू विवाद के बीच पत्नी ने सो रहे पति की गर्दन पर ब्लेड से हमला कर दिया। घटना में युवक घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ककराहा गांव निवासी सूरज कठेरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार को घर में सो रहा था।

### कानपुर में अगले 7 दिन गर्मी से राहत

कानपुर। कानपुर में सुबह से तेज हवा चल रही है। हवाओं की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटा के करीब है। आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं। बादलों के बीच से सूरज लुकाछिपी कर रहा है। नर्म धूप भी निकली हुई है। तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब है।

शहर के लोगों को मई के पहले सप्ताह तक भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। सुबह से धूप निकलने के बावजूद हल्के बादल छाए रहने और हवाएं चलने से मौसम सुहाना बना हुआ है। बीते दिनों की तुलना में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

### खान सर ने ताजमहल का दीदार किया

आगरा। आगरा में रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच फेमस टीचर और यूट्यूबर खान सर ने ताजमहल का दीदार किया। उनके पहुंचते ही परिसर में मौजूद पर्यटकों और छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। खान सर को देखते ही लोग उनके पास पहुंचने लगे और सेल्फी और वीडियो लेने की होड़ मच गई। कुछ ही देर में भीड़ बढ़ने पर सुरक्षा कर्मियों को व्यवस्था संभालनी पड़ी और लोगों को नियंत्रित करना पड़ा।

# अस्कुंडा घाट पर चला सख्त स्वच्छता अभियान

### दुकानदारों को दी चेतावनी

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। नगर निगम मथुरा-वृंदावन की अधिकृत संस्था नेचर ग्रीन एवं प्रोजेक्ट मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में द्वारकाधीश मंदिर के निकट स्थित अस्कुंडा घाट पर विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान घाट क्षेत्र में व्यापक सफाई करते हुए कूड़ा-कचरा हटाया गया और स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित कराया गया।

टीम ने घाट के आसपास स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, खासकर खाने-पीने की दुकानों को अपने प्रतिष्ठानों पर कूड़ेदान रखने और उसका नियमित उपयोग करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने या नियमों की अनदेखी करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। अभियान के दौरान



दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नगर निगम के प्रयासों में सहयोग करने की अपील की गई।

इस मौके पर नेचर ग्रीन के ऑपरेशन मैनेजर अभिषेक वाजपेयी, आईईसी मैनेजर सुजीत सिंह, जोनल गिरीश सहित आईईसी टीम के सदस्य—कान्हा, बुलबुल, काजल, वंदना, हेमा, भावना, दामिनी, रूपा—तथा प्रोजेक्ट मथुरा से विपुल जी और उनकी टीम मौजूद रही।

अभियान का संदेश स्पष्ट रहा—“स्वच्छ घाट – स्वच्छ बाजार – स्वच्छ मथुरा।”

### अंगुली काटकर 200 मीटर दूर फेंकी, 2 साल पहले लव मैरिज की थी

# महिला के सिर-चेहरे पर 10 बार कुल्हाड़ी मारी

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में एक महिला की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। महिला का शव गांव के खेत में पड़ा मिला। उसके सिर, चेहरे, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर कुल्हाड़ी से करीब 10 वार किए गए। हाथ की एक अंगुली काटकर शव से करीब 200 मीटर दूर फेंक दी गई।

महिला ने 2 साल पहले लव मैरिज की थी। इससे पहले उसके पहले पति की मौत हो चुकी थी। महिला के परिजनों ने पति, ससुराल पक्ष और कुछ रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उसे पहले भी प्रताड़ित किया जाता था और उसकी जान को खतरा



था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस पारिवारिक और सामाजिक पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। खुलासे के लिए टीमें गठित की गई हैं। मामला परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के खूंटी गांव का है। कंकरखेड़ा के महमूदपुर गांव निवासी गुलफ्शां का करीब 10 साल पहले गाजियाबाद के डासना निवासी युवक से निकाह हुआ था। दो बच्चे होने के बाद उसके पति की मौत हो गई। इसके बाद वह अपने दोनों बच्चों के साथ मायके में रहने लगी।

जटौली निवासी भोला पंडित का गुलफ्शां के पिता शाहिद के घर आना-जाना था। उसी के जरिए गुलफ्शां की मुलाकात मनवीर से हुई। मनवीर की तीन शादियां हो चुकी हैं।



एसएसपी अविनाश पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की।

### लाश से 200 मीटर दूर मिली हाथ की उंगली

गुलफ्शां के सिर, चेहरे, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर कुल्हाडी से करीब 10 वार किए गए थे। उसकी एक उंगली काटकर शव से लगभग 200 मीटर दूर फेंक दी गई थी। घटनास्थल के पास ही हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाडी पड़ी मिली। सूचना पर एसपी देहात अभिजीत कुमार और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया।गुलफ्शां के पिता शाहिद की तहरीर पर पति मनवीर, उसके मौसेरे भाई सुमित और परतापुर निवासी बहनोई प्रवीण के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### किताब लेने घर से निकली थी, खेत में मिला शव

परिवार की रजामंदी से भोला ने गुलफ्शां और मनवीर को मिलवाया। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और दो साल पहले उन्होंने शादी कर ली। शादी के बाद गुलफ्शां अपने दोनों बच्चों के साथ मनवीर के घर रहने लगी। करीब छह महीने पहले उसने एक बेटे को जन्म दिया।

मनवीर गैंसूपुर में एक दूध डेरी पर काम करता है। उसके मुताबिक, शुक्रवार को गुलफ्शां बच्चों की किताब लेने के लिए घर से परीक्षितगढ़ के लिए निकली थी, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद मनवीर ने परिवार के साथ उसकी तलाश शुरू की।

शनिवार सुबह गांव निवासी रमेश के खाली खेत में गुलफ्शां का शव पड़ा मिला। रमेश उस समय खेत में नलकूप चलाने गए थे।

### नहाने गए थे, ग्रामीणों ने उतराते देखे शव, गांव में मचा कोहराम

# बरेली में 3 किशोरों की तालाब में डूबकर मौत

सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों से जानकारी जुटाई। इसके बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की।



तमसा संकेत, एजेंसी

मीरगंज। बरेली में रविवार को तीन किशोरों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। तीनों दोपहर में गांव के पास के तालाब में नहाने गए थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। कुछ समय के बाद गांव के 3-4 लोग उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने तालाब में तीनों के शव उतराते हुए देखे।

इसके बाद उन्होंने परिजनों को जानकारी दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों को अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे



मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है। घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के तिलमास गांव का है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक साथ तीन बच्चों की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया और परिवारों में कोहराम मच गया। मीरगंज थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया- प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला हादसा है, आत्महत्या या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

### ग्रामीणों ने शवों को उतराते देखा

मृतकों की पहचान अंश (8) पुत्र सुरेंद्र पाल गंगवार, आयुष (9) पुत्र जियालाल कश्यप और देव (10) पुत्र चरण सिंह यादव के रूप में हुई है। तीनों तिलमास गांव के एक ही टोले के रहने वाले और आपस में दोस्त थे। गांव के बाहर स्थित एक तालाब में रविवार दोपहर तेज धूप के चलते तीनों नहाने चले गए। इसी दौरान नहाते-नहाते वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। उस समय तालाब के पास कोई मौजूद नहीं था।

कुछ समय बाद गांव के लोग तालाब के किनारे से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने पानी में तीनों बच्चों के शव उतराते हुए देखे। इसके बाद ग्रामीणों ने शवों को बाहर निकाला और उनकी पहचान की।

# बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र में जनसुविधा विकास को बढ़ावा

### एक और भूमि रजिस्ट्री संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आसपास जनसुविधाओं के विकास हेतु भूमि क्रय प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा की उपस्थिति में एक और महत्वपूर्ण रजिस्ट्री संपन्न की गई।

मकान संख्या 135 (जे0के0-29/1) क्षेत्रफल 55.19 वर्ग मीटर का बैनामा श्री शुभम गोस्वामी एवं श्री लाभम गोस्वामी (पुत्रगण श्री धर्मेन्द्र कुमार गोस्वामी) द्वारा तहसीलदार सदर के माध्यम से ठाकुर श्री बांके बिहारी जी (देवता) के नाम निष्पादित किया गया।

अब तक कुल 13 बैनामों के माध्यम से 1186.46 वर्ग मीटर भूमि की रजिस्ट्री की जा चुकी है। वहीं, 04 मई 2026 को लगभग 310 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 3 मकानों के



बैनामे हेतु विक्रेताओं द्वारा आवश्यक अभिलेख भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

प्रशासन ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के मार्गदर्शन में यह कार्य पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। प्रभावित संपत्ति स्वामियों को पर्याप्त मुआवजा, दुकान के बदले दुकान तथा मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा सुनरख एवं रुक्मिणी विहार में फ्लैट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे लोग स्वेच्छा से रजिस्ट्री के लिए आगे आ रहे हैं।

इस परियोजना के तहत मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण तैयार किया जाएगा। बैठने की व्यवस्था, पेयजल, सुगम प्रवेश-निकास मार्ग और भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे संकरी गलियों में दबाव कम होगा। प्रशासन का मानना है कि इस विकास कार्य से ब्रज क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### बंगाल की फालटा ...

इस फैसले ने नतीजों के दिन के रोमांच को और बढ़ा दिया है.

चुनाव आयोग ने फलता विधानसभा सीट के सभी 285 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग कराने का फैसला किया है. अब फलता में 21 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कड़ी सुरक्षा के बीच नए सिरे से मतदान कराया जाएगा. यह मतदान नतीजों के मुख्य दिन से कई हफ्ते बाद होगा. इसके बाद, फलता सीट के लिए वोटों की गिनती 24 मई, 2026 को की जाएगी. चुनाव आयोग का यह फैसला इस बात का स्पष्ट संकेत है कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी तरह की धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इससे पहले, 2 मई को मगराहाट पश्चिम और डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्रों के 15 बूथों पर भी इसी तरह की शिकायतों के बाद ताजा मतदान कराया जा चुका है.

दक्षिण 24 परगना की फलता विधानसभा सीट इस चुनाव में बेहद अहम और प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है. इस सीट पर एक दिलचस्प और बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है, जिसके कारण यहां राजनीतिक तापमान अपने चरम पर है. सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने इस सीट से जहांगीर खान को उम्मीदवार बनाया है, जिन पर पार्टी का गढ़ बचाने की भारी जिम्मेदारी है. वहीं, उन्हें सीधी और कड़ी टक्कर देने के लिए बीजेपी ने देबांग्शु पांडा को चुनावी मैदान में उतारा है. कांग्रेस के उम्मीदवार अब्दुर रज्जाक मोल्ला और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के शंभू नाथ कुर्मी भी पूरी ताकत के साथ मैदान में डटे हुए हैं. इन चारों प्रमुख दलों के उम्मीदवारों की मौजूदगी ने फलता सीट पर हर एक वोट को बेहद कीमती बना दिया है, और यही वजह है कि यहां का चुनावी माहौल इतना संवेदनशील हो गया है.

### ईवीएम पर सफेद ...

इसी वीडियो और ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर आयोग ने चुनाव रद्द करने का फैसला लिया.

### भारत का सबसे बड़ा ...

दृष्टि से रक्षा, खेती, डिजास्टर मैनिज्मन्ट, समुद्री निगरानी और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग जैसे कामों में मदद करेगा। यह सैटेलाइट इसरो (ISRO) के 29 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट्स का साथ देगा। कंपनी के संस्थापक सुयश सिंह के मुताबिक,पहले बेहतर जानकारी के लिए अलग-अलग सैटेलाइट का डेटा जोड़ना पड़ता था। इससे अलग-अलग समय और एंगल की तस्वीरों का मेल नहीं बैठता था। ‘दृष्टि’ एक ही समय में एक ही जगह की सटीक तस्वीर देगा।

उन्होंने बताया कि खराब मौसम में ऑप्टिकल इमेज नहीं मिलने पर कंपनी AI से SAR डेटा को ऑप्टिकल जैसी तस्वीरों में बदल सकती है। इससे हर मौसम और हर समय इमेजिंग संभव होगी। यह तकनीक पहले इसलिए विकसित नहीं हुई क्योंकि ज्यादातर सैटेलाइट कंपनियां पश्चिमी देशों में हैं, जहां मौसम साफ रहता है। भारत में बादलों की समस्या ज्यादा होती है, इसलिए ये समाधान तैयार किया गया है।

इस सैटेलाइट को बनाने में सबसे बड़ी चुनौती ऑप्टिकल और SAR तकनीक के बीच तालमेल बैठाना था। दोनों सेंसर अलग-अलग एंगल से धरती को देखते हैं। इसलिए कंपनी ने ऐसी टेक्नोलॉजी विकसित की, जिससे दोनों एक ही समय में एक ही लोकेशन की इमेज ले सकें।

### ‘कोई जन स्वास्थ्य ...

दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित लखनऊ की साक्षी सिंह ने नियुक्ति पत्र पाकर कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी रही, जिसके कारण योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिला है। मुख्यमंत्री के संबोधन से उन्हें प्रेरणा मिली है और वे अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी।

दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित कानपुर नगर की सभ्या कटियार ने कहा कि योगी सरकार में युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के विचारों से प्रेरित होकर वो अपने पद की जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगी।

### टॉपर्स को लैपटॉप ...

सपा प्रमुख ने कहा कि नेताजी के समय शुरू हुई कन्या विद्या धन योजना के तहत छात्राओं को 30 हजार रुपये दिए जाते थे। उन्होंने घोषणा की कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था लागू की जाएगी। कार्यक्रम में मलिहाबाद की छात्रा उन्जिला फातिमा को 97% अंक हासिल करने पर लैपटॉप दिया गया। वहीं Christ Church College Lucknow की छात्रा सारा मोईन को 98.75% अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। दिव्यांग होने के बावजूद सारा ने कठिन परिस्थितियों को पार कर यह सफलता हासिल की, जिस पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। उनके शिक्षक को भी सम्मानित किया गया।

मेरठ जिले के हाईस्कूल के 13 और इंटरमीडिएट के 12 टॉपर्स को भी लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही लखनऊ की अनन्या यादव को राजनीतिक विज्ञान में 100 में 100 अंक लाने और सीतापुर की अंकिता यादव को प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त करने पर विशेष सम्मान दिया गया।

### दिल्ली में 4 मंजिला ...

शुरुआती जांच में AC में धमाके के बाद आग फैलने की बात सामने आ रही है। फिलहाल अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। इधर, मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए की मदद मिलेगी।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, बिल्डिंग के पहले फ्लोर से 1 शव, दूसरे फ्लोर से 5 शव और सीढ़ियों से 3 शव मिले, जहां दरवाजा बंद था। आशंका है कि लोगों ने छत पर भागकर जान बचाने की कोशिश की थी। दूसरे फ्लोर पर मिले मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ साल के पोते आकाश जैन के रूप में हुई। तीसरे फ्लोर पर नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैले जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए।

पहले फ्लोर पर शिखा जैन (45) का शव मिला, जबकि उनके पति नवीन जैन (48) घायल हो गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि उन्होंने मृतकों के शव देखें हैं। इनमें कौन से शव पुरुष के हैं और कौन सी महिला के, इसकी पहचान करना भी मुश्किल है।

### 4 बच्चों की हत्या के ...

जोहर की नमाज के बाद चारों मासूमों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। एक साथ चार कब्रें खोदकर अंतिम संस्कार किया गया, जिससे हर आंख नम हो गई।

शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि महिला का पति विदेश में रहता है और लंबे समय से पारिवारिक तनाव की बात भी चर्चा में रही है।

### चार मासूमों की ...

घटनास्थल से मिले साक्ष्यों में जहर, चोट और कमरे की स्थिति को लेकर कई सवाल हैं। बच्चों के शरीर पर चोट के निशान और संदिग्ध परिस्थितियां पहले ही जांच को जटिल बना चुकी हैं। अब दोनों पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है।

### चेन्नई में यात्री चलती ...

आरोपी की पहचान 29 साल के मोहम्मद शरीफ मोहम्मद नजमुद्दीन के रूप में हुई है।

एक अधिकारी के मुताबिक, घटना के बाद मुख्य रनवे (07/25) को 3:25 बजे सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया। रनवे ऑपरेशन करीब 4:35 बजे फिर से शुरू कर दिए गए।

इस दौरान कई फ्लाइट्स में देरी हुई। लंदन से आने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट BA0035 को बेंगलुरु डायवर्ट किया गया।

## सैमसन कैच छूटने के बाद उसी ओवर में आउट हुए, नूर का नो-लुक सेलिब्रेशन

# सीएसके के कार्तिक ने आईपीएल की अपनी पहली फिफ्टी लगाई

**सेलिब्रेशन**

चेन्नई, एजेंसी



चेन्नई सुपर किंग्स ने IPL 2026 के 44वें मैच में मुंबई इंडियंस को 8 विकेट से हरा दिया। यह मुंबई के खिलाफ पिछले 7 मुकाबलों में चेन्नई की छठी जीत है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में कार्तिक शर्मा ने IPL का अपना पहली फिफ्टी लगाई। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर संजू सैमसन का कैच स्लिप में छूटा और उसी ओवर में संजू विकेटकीपर को कैच थमा बैठे। मुंबई के रायन रिकेल्टन को आउट करने के बाद नूर अहमद ने नो-लूक सेलिब्रेशन किया। मुंबई की पारी के सातवें ओवर में शिवम दुबे ने एक आसान सा कैच छोड़ दिया। ओवर की चौथी गेंद नूर अहमद ने 95 किमी के रफ्तार से डाली। नमन धीर ने बैकफुट पर जाकर कट शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद ने बल्ले का किनारा लिया और शॉर्ट थर्ड मैन पर खड़े दुबे के हाथ में गई, लेकिन दुबे कैच नहीं पकड़ सके। नमन इस समय 19 रन बनाकर खेल रहे थे।

**चेन्नई के प्रशांत वीर का आईपीएल में उनका पहला ओवर किसी बुरे सपने की तरह रहा। मैच का 5वां ओवर फेंकने आए प्रशांत को रायन रिकेल्टन ने 3 छक्के जड़ दिए। रिकलटन ने तीसरी गेंद पर 76 मीटर का स्लॉग-स्वीप लगाया। फिर अंतिम दो गेंद पर लगातार दो छक्के लगा दिए।**

नूर अहमद ने मुंबई के बैटर रायन रिकेल्टन को आउट करने के बाद अजब-गजब सेलिब्रेशन किया। नूर ने सातवें ओवर की चौथी गेंद पर रिकेल्टन को फंसाया। स्लॉग स्वीप खेलने गए रिकेल्टन गेंद को सीधे डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े उर्विल पटेल के हाथों में मार बैठे। विकेट लेने के बाद नूर अहमद ने अपनी आंखों पर हाथ रखकर 'नो-लुक' सेलिब्रेशन किया। आमतौर पर बैटर्स नो-लुक शॉट्स खेलते हैं।

पहली पारी की आखिरी गेंद के बाद अंशुल कंबोज ने बल्लेबाज को सॉरी कहा। दरअसल, कंबोज ने सटीक यॉर्कर डाली, जिसे मुंबई के बल्लेबाज कृष भगत खेल नहीं पाए। बल्लेबाज तेजी से रन चुराने के लिए दौड़े, इस बीच विकेटकीपर संजू सैमसन ने गेंद कंबोज की ओर थ्रो की। कंबोज ने नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रन-आउट करने के लिए निशाना साधा, लेकिन गेंद स्टंप्स पर लगने के बजाय सीधे दौड़ रहे कृष भगत की पीठ पर जा लगी। हालांकि कंबोज ने तुरंत कृष को सॉरी कहा।

### डेब्यू पर रामकृष्ण घोष ने शानदार कैच पकड़ा

IPL में डेब्यू कर रहे चेन्नई के रामकृष्ण घोष ने मैच के दूसरे ही ओवर में जबरदस्त कैच पकड़ा। अंशुल कंबोज के ओवर की दूसरी गेंद पर विल जैक्स क्रीज से बाहर निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए। गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर बैकवर्ड पॉइंट की ओर गई। आगे दौड़ते हुए घोष ने डाइव लगाकर जमीन से महज कुछ इंच ऊपर गेंद को दोनों हाथों से लपका।





### कंबोज थ्रो से चूके, रिकेल्टन रन-आउट से बचे

पारी के चौथे ओवर में रायन रिकेल्टन को एक बड़ा जीवनदान मिला। गेंदबाज अंशुल कंबोज की सटीक यॉर्कर को रिकेल्टन ने डिफेंड किया और क्रीज से काफी बाहर निकल आए। कंबोज ने फुर्ती दिखाते हुए गेंद पकड़ी और कीपर छोर पर निशाना साधा, लेकिन थ्रो स्टंप्स पर नहीं लगा। रिकेल्टन ने क्रीज तक पहुंचने की उम्मीद ही छोड़ दी थी। थ्रो न लगने पर कंबोज ने हताशा में सिर पकड़ लिया।

# 'पहली बार 15 साल के बच्चे को देखकर डर गया'

### वैभव सूर्यवंशी के विकेट पर काइल जैमिसन बोले, बीसीसीआई ने आंख दिखाने पर की कार्रवाई

पटना, एजेंसी



"मुझे नहीं लगता कि मैं अपनी जिंदगी में किसी 15 साल के बच्चे से इतना डरा होऊंगा, लेकिन हां, हमने मैच से पहले प्लानिंग की थी और उसका फायदा भी मिला।"

इंडियन प्रीमियर लीग के 43वें मैच में वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद काइल जेमिसन ने ये बातें कहीं।

दरअसल, शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच एक रोचक मुकाबला खेला गया। दिल्ली के गेंदबाज काइल जेमिसन ने सूर्यवंशी को आउट कर आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया।

इस दौरान जेमिसन ने ताली बजाते हुए वैभव को आंखें भी दिखाईं। काइल जेमिसन के इस व्यवहार पर भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) ने भी कार्रवाई की है। वैभव सूर्यवंशी और दिल्ली के गेंदबाज काइल जेमिसन के बीच दूसरे ओवर में जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। पहले सूर्यवंशी ने अपनी पहली गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर चौका जड़ा। इसके अगली ही गेंद पर जेमिसन ने डिपिंग फुल टॉस पर सूर्यवंशी को क्लीन बोल्ड कर दिया। विकेट लेने के बाद जेमिसन, सूर्यवंशी के पास गए और आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। मैच खत्म होने के बाद जेमिसन ने कहा, राजस्थान रॉयल्स की टीम के टॉप दो बल्लेबाज कितने खतरनाक हैं, यह सभी को पता है। एक को मिचेल स्टार्क ने आउट किया और दूसरे को मैंने अपनी यॉर्कर से पवेलियन भेजा।"

## चोट की वजह से लक्ष्य सेन नहीं खेले, श्रीकांत और प्रणय भी हारे

# थॉमस कप के सेमीफाइनल में फ्रांस से हार गया भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप के सेमीफाइनल में फ्रांस से हारकर बाहर हो गई। 2022 की चैंपियन भारतीय टीम 3-0 से हारी। इस मुकाबले में भारत का कोई खिलाड़ी मैच नहीं जीत सका। मैच से पहले ही लक्ष्य सेन को कोहनी की चोट के कारण बाहर बैठना पड़ा, जो टीम के लिए बड़ा झटका था।

फ्रांस ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने ग्रुप स्टेज में 14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया को हराने के बाद भारत को भी एकतरफा मुकाबले में हराया।

मुकाबले की शुरुआत में आयुष शेट्टी का सामना क्रिस्टो पोपोव से हुआ। पोपोव ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बनाए रखा और नेट पर शानदार खेल दिखाया। उन्होंने आयुष को 21-11, 21-9 से हराकर फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी। 39 मिनट तक चले इस मैच में आयुष कहीं भी टिकते नजर नहीं आए। कल अपना 21वां जन्मदिन मनाने जा रहे आयुष ने हार के बाद कहा, क्रिस्टो आज काफी बेहतर खेल रहे थे। उनकी स्पीड और गेम प्लान ने मुझे दबाव में डाल दिया।

दूसरे मैच में किदांबी श्रीकांत का मुकाबला एलेक्स लानियर से था। श्रीकांत ने लड़ने की कोशिश की, लेकिन लानियर ने सीधे गेम में 21-18, 21-16 से जीत दर्ज कर फ्रांस की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद 'डू और डाई' मुकाबले में एचएस प्रणय कोर्ट पर उतरे। उनका मुकाबला टोमा जूनियर पोपोव से था।



### लक्ष्य सेन कोहनी की चोट के कारण बाहर रहे

क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान लक्ष्य सेन को दाहिनी कोहनी में चोट लग गई थी। मैच के दौरान कई बार डाइव लगाने की वजह से उनकी कोहनी में सूजन आ गई थी। भारतीय बैडमिंटन संघ (BAI) के महासचिव संजय मिश्रा ने बताया कि मेडिकल स्टाफ की सलाह पर एहतियात के तौर पर उन्हें आराम दिया गया ताकि वे गंभीर चोट से बच सकें। उनकी गैरमौजूदगी में भारत की चुनौती कमजोर पड़ गई।

## मनोरंजन

# इंडियाज गॉट लेटेंट बंद होने से 1 दिन पहले कपिल शर्मा ने समय रैना को किया था फोन

### कपिल शर्मा ने उन्हें कॉल करके चेतावनी दी थी



नई दिल्ली। समय रैना कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में रणवीर इलाहाबादिया के साथ आए।

नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहे इस शो में समय रैना ने इंडियाज गॉट लेटेंट के विवाद के बारे में भी बात की। इस दौरान समय ने बताया कि शो बंद होने से पहले कपिल शर्मा ने उन्हें कॉल करके चेतावनी दी थी।

जब रणवीर इलाहाबादिया ने कपिल शर्मा से पूछा कि क्या उन्होंने समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट के कोई एपिसोड देखे हैं या नहीं, तब कपिल शर्मा ने जवाब दिया, ₹मैंने कई एपिसोड्स देखें। मैंने यहां तक कि समय को कॉल भी किया था और पूछा, 'तुम्हारे खिलाफ अभी तक कोई सिंगल केस कैसे नहीं हुआ?'

कपिल शर्मा की बात सुनकर सब हंसने लगे और फिर समय रैना ने बताया कि शो बंद होने से पहले कपिल ने उन्हें फोन किया था। समय ने बताया, मैं कसम खाता हूं, जिस दिन मेरा शो बंद हुआ, उससे एक दिन पहले सर ने मुझे फोन किया था। उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हारे साथ कुछ बुरा होने वाला है। कपिल शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने एक्सपीरियंस के चलते उन्हें चेतावनी दी थी। कपिल ने कहा, ₹मैंने उन्हें बताया कि अब तुम सबकी नजरों में हो, इसलिए जरा संभलकर रहना। मैं यह बात अपने अनुभव से कह रहा था, मैं कोई भविष्य बताने वाला नहीं हूं। तुम कुछ भी कहकर मशहूर तो बन सकते हो, लेकिन एक बार मशहूर हो जाने के बाद, तुम कुछ भी नहीं कह सकते।

इंडियाज गॉट लेटेंट में रणवीर इलाहाबादिया के विवादित बयान पर बवाल मचा था जिसके बाद समय के शो के सारे एपिसोड हटाने पड़ गए थे। जब यह विवाद हुआ, तब भी कपिल ने समय को कॉल किया था। इस बारे में समय ने बताया, ₹सच कहूं तो उस समय कपिल सर ही पहले ऐसे इंसान थे जिन्होंने मुझे फोन किया था।

## अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद किया वीडियो कॉल, प्रियांश आर्य के शॉट से लगी थी चोट

# घायल फैन का प्रीति जिंटा ने पूछा हालचाल

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रियांश आर्य के छक्के से घायल हुए बुजुर्ग फैन कृष्णचंद को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद टीम की को-ओनर प्रीति जिंटा ने वीडियो कॉल पर उनसे बात की और उनका हालचाल पूछा।

इस बातचीत का वीडियो पंजाब किंग्स के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर किया, साथ ही लिखा, फैंस हमेशा पहले आते हैं। कृष्ण चंद जी के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। उन्हें बेहतर होते देखकर खुशी हुई। बता दें कि यह घटना मंगलवार को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच के दौरान हुई थी। मैच में प्रियांश आर्य के बल्ले से निकला एक ऊंचा शॉट सीधे स्टैंड्स में जाकर गिरा, जहां मौजूद बुजुर्ग फैन कृष्णचंद के चेहरे पर गेंद लग गई। घटना के तुरंत बाद उनका चेहरा लहूलुहान हो गया।

### धर्मशाला में मैच देखने के लिए बुलाया

वीडियो कॉल के दौरान प्रीति जिंटा ने उन्हें धर्मशाला में होने वाले अगले मैच के लिए इनवाइट किया। साथ ही हल्के अंदाज में एक्ट्रेस ने कहा कि अगली बार आपको हेलमेट पहना देंगे, ताकि कोई बॉल आए तो आप सुरक्षित रहें। प्रीति ने कहा, "आपसे बात करके बहुत अच्छा लगा, आप सेफ रहें और हम आपका धर्मशाला में इंतजार करेंगे।"

इस आईपीएल में पंजाब किंग्स अपने होम ग्राउंड धर्मशाला में तीन मुकाबले खेलेगी, जो 11 मई, 14 मई और 17 मई को होंगे।



## मूवी ने बाहुबली 2 को पीछे छोड़ा, अब सिर्फ कलेक्शन में दंगल आगे

# धुरंधर 2 बनी दूसरी सबसे बड़ी भारतीय फिल्म



नई दिल्ली। धुरंधर 2 दुनियाभर में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनियाभर में कमाई 1,788.32 करोड़ रुपए हो गई।

धुरंधर 2 ने बाहुबली 2 को पीछे छोड़ दिया, जिसने 1,788.06 करोड़ रुपए कमाए थे। अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) से पीछे है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 45वें दिन भारत में 2.77 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का कुल भारत नेट कलेक्शन अब 1,138.54 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 1,362.57 करोड़ रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। ओवरसीज में फिल्म का कुल कलेक्शन अब 425.75 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,788.32 करोड़ रुपए हो चुका है। धुरंधर फ्रेंचाइजी में रणवीर सिंह ने एक भारतीय जासूस का रोल प्ले किया है। जबकि दोनों ही पार्ट का डायरेक्शन आदित्य धर ने किया है। धुरंधर फ्रेंचाइजी में रणवीर सिंह ने एक भारतीय जासूस का रोल प्ले किया है। जबकि दोनों ही पार्ट का डायरेक्शन आदित्य धर ने किया है।

**विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए। अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा।**

### धुरंधर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था

धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ।



# पर्दे पर फिर दिखेगी छत्रपति शिवाजी महाराज की कहानी

### साउथ स्टार देगा राजा शिवाजी को टक्कर

नई दिल्ली। मौजूदा समय में सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक अगर किसी फिल्म का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है तो वह रितेश देशमुख स्टारर मराठी फिल्म राजा शिवाजी है। महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की बायोपिक के तौर पर इस मूवी को काफी पसंद किया जा रहा है।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि आने वाले समय में राजा शिवाजी को टक्कर देने के लिए शिवाजी महाराज की एक और बायोपिक आने वाली है, जिसमें एक साउथ सुपरस्टार लीड रोल प्ले करता दिखेगा। आइए जानते हैं कि वह मूवी कौन सी है और कब रिलीज होगी। इतिहास के वीर महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व हमेशा से फिल्ममेकर्स की पहली पसंद आ रहा हैं। राजा शिवाजी से पहले उनके जीवन पर आधारित कई हिंदी और मराठी फिल्मों को बनाया जा चुका है। अब आने वाले समय में साउथ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी बतौर छत्रपति शिवाजी महाराज आपको बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। लंबे समय से निर्देशक संदीप सिंह की फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज की चर्चा चल रही है। फिल्म की शूटिंग का काम भी लगभग आधा हो गया है और मूवी शिवाजी महाराज के किरदार में ऋषभ शेट्टी के फर्स्ट लुक पोस्टर्स भी सामने आ चुके हैं। इतना ही नहीं द प्राइड ऑफ भारत की रिलीज डेट का भी एलान हो चुका है, जिसके आधार पर 27 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज को रिलीज किया जाएगा।

उनके 14-पॉइंट प्रस्ताव का रीव्यू कर रहे, लेकिन नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगा

# ट्रम्प की चेतावनी : ईरान ने गलती की तो फिर हमला

धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि ईरान ने कोई गलती की, तो उस पर फिर से हमले हो सकते हैं। फ्लोरिडा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अमेरिका फिलहाल मजबूत स्थिति में है, जबकि तेहरान दबाव में है और समझौता करना चाहता है।

इसके अलावा ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है, जिसके विस्तृत ड्राफ्ट का इंतजार है। इस नए प्रस्ताव का हम रीव्यू भी कर रहे है। उन्होंने आगे कहा, 'हालांकि, मुझे नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगा। क्योंकि ईरान ने पिछले 47 वर्षों में मानवता और दुनिया के साथ जो किया है, उसकी अभी तक बड़ी कीमत नहीं चुकाई है।' फिर जंग का खतरा- ईरान के अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने चेतावनी दी कि अमेरिका से फिर से युद्ध हो सकता है, ईरानी सेना इसके लिए तैयार है।

**इजराइल की सेना ने दावा किया है कि उसने दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के दो लड़ाकों को मार गिराया है। सेना के अनुसार, ये लड़ाके ऐसी जगहों पर मौजूद थे जहां से उन्हें इजराइली सैनिकों के लिए खतरा माना गया।**

**सेना ने कहा कि इन लोगों की पहचान करने के बाद उन पर हमला किया गया और उन्हें खत्म कर दिया गया। इजराइल ने दक्षिण लेबनान के कुछ गांवों के लिए नए जबरन खाली कराने के आदेश भी जारी किए हैं।**

### ईरान के 14-पॉइंट प्रस्ताव में कई मुद्दे शामिल

ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 14-पॉइंट का प्रस्ताव अमेरिका के 9-पॉइंट प्लान के जवाब में भेजा गया है। इसमें 30 दिनों के भीतर सभी मुद्दों के समाधान, भविष्य में हमलों के खिलाफ गारंटी, क्षेत्र से अमेरिकी सैनिकों की वापसी, फ्रीज किए गए ईरानी एसेट्स को रिलीज करने, प्रतिबंध हटाने और युद्ध के मुआवजे की मांग शामिल है। इसके अलावा प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया मैकेनिज्म बनाने, अमेरिकी नेवल नाकेबंदी खत्म करने और क्षेत्रीय संघर्षों को समाप्त करने की बात भी कही गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, समझौते के बाद परमाणु कार्यक्रम पर अलग से बातचीत का प्रस्ताव भी रखा गया है।



ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 25 अप्रैल को अपने पाकिस्तान दौरे के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरिफ से मुलाकात की। पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान ने 14-पॉइंट प्रस्ताव पेश किया है।

### अल-अक्सा मस्जिद के अंदर बलि देने की कोशिश

इजराइल की पुलिस ने 21 लोगों को पकड़ा, जिन्होंने अल-अक्सा मस्जिद के अंदर बलि देने की कोशिश की। यह घटना पासओवर त्योहार के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि कुछ लोग जबरदस्ती मस्जिद के अंदर घुसना चाहते थे। उनके साथ एक बकरी भी थी, जिसे वे बलि के लिए लाए थे। पुलिस ने उन्हें रोक लिया और हिरासत में ले लिया। बाद में इन लोगों को कोर्ट में पेश किया गया और फिर छोड़ दिया गया। अल-अक्सा मस्जिद में अक्सर ऐसे विवाद होते रहते हैं। यहां गैर-मुस्लिम लोग तय समय पर आ सकते हैं, लेकिन वहां पूजा या धार्मिक काम करने की इजाजत नहीं होती।

### अमेरिका की ईरान शांति वार्ता टीम में निक स्टुअर्ट की नियुक्ति

व्हाइट हाउस ने US स्टेट डिपार्टमेंट के 'ईरान एक्शन ग्रुप' में चीफ ऑफ स्टाफ रह चुके निक स्टुअर्ट को ईरान संघर्ष खत्म करने के लिए बनाई गई कूटनीतिक टीम में सलाहकार के रूप में शामिल किया है। CBS न्यूज के मुताबिक, व्हाइट हाउस प्रवक्ता ओलिविया वेल्स ने उन्हें तेज और अनुभवी नीति एक्सपर्ट बताया और कहा कि वह टीम के महत्वपूर्ण सहयोगी होंगे, जिसका नेतृत्व विशेष दूत स्टीव विटकॉफ कर रहे हैं।

**केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्र‘‘ाद जोशी ने कहा कि देश में ईंधन की सप्लाई अभी पूरी तरह स्थिर है। साथ ही गैस के दाम बढ़ना या घटना दुनिया भर के हालात पर निर्भर करता है, खासकर जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा हो। जोशी ने यह भी कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर सिर्फ केंद्र नहीं, बल्कि राज्य सरकारों के टैक्स का भी असर पड़ता है।**



### ईरान हमलों से प्रभावित यूनिवर्सिटी को म्यूजियम में बदलेगा

ईरान के अधिकारियों ने देश के इस्फहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के उस हिस्से को म्यूजियम में बदलने की योजना बनाई है, जो अमेरिका-इजराइल के हमलों में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ था।

संस्थान के प्रमुख जफरोल्लाह कलंतरी ने कहा कि इस क्षतिग्रस्त जगह को वॉर म्यूजियम के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि यह देश पर पड़े वैज्ञानिक नुकसान का रिकॉर्ड बन सके।

अल जजीरा के मुताबिक कलंतरी ने बताया कि, यूनिवर्सिटी के लिए नया भवन और आधुनिक उपकरण लगाने के लिए अलग जमीन दे दी गई है। शुरुआती आकलन के अनुसार यूनिवर्सिटी को हुए नुकसान की लागत लगभग 11 मिलियन डॉलर है।

रिपोर्ट के अनुसार, जंग में अब तक ईरान की 30 से ज्यादा यूनिवर्सिटियों पर हमले हुए थे। जिनमें तेहरान के अन्य नागरिक क्षेत्रों में भी नुकसान हुआ।



## ईरानी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों को चीन ने ठुकराया

### अपनी 5 रिफाइनरियों के लिए जारी किया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



चीन और अमेरिका के बीच व्यापारिक और कूटनीतिक तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने ईरान से तेल खरीदने के आरोपी अपने पांच टीपॉट रिफाइनरियों पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों को अवैध बताते हुए उनके खिलाफ 'निषेधाज्ञा' जारी किया है। चीनी सरकार का कहना है कि वह इन एकतरफा प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देगी और इन्हें राष्ट्रीय संप्रभुता व सुरक्षा के खिलाफ बताया है। दरअसल, यह कदम विशेष रूप से हेंगली पेट्रोकेमिकल और चार अन्य स्वतंत्र टीपॉट रिफाइनरियों को अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से बाहर किए जाने के जवाब में उठाया गया है। चीन का कहना है कि ये प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन करती हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि उसने एक निषेध आदेश जारी किया है, जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि प्रतिबंधों को मान्यता नहीं दी जाएगी, लागू नहीं किया जाएगा या उनका पालन नहीं किया जाएगा। चीनी मंत्रालय ने आगे कहा, चीनी सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी और अंतरराष्ट्रीय कानून में आधार के बिना एकतरफा प्रतिबंधों का लगातार विरोध किया है। इसमें कहा गया है कि इस आदेश ने हेंगली पेट्रोकेमिकल (डालियान) रिफाइनरी और चार अन्य तथाकथित टीपॉट रिफाइनरियों- शेडोंग जिनचेंग पेट्रोकेमिकल ग्रुप, हेबेई शिन्हाई केमिकल ग्रुप, शौगुआंग लुकिंग पेट्रोकेमिकल और शेडोंग शेंगक्सिंग केमिकल के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों को रोक दिया है।

## खराब एसी में अमेरिका में बढ़ रही थीं आग लगने की घटनाएं

### इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी



न्यू जर्सी की कंपनी रॉयल सोवरेन इंटरनेशनल इंक को यूजर को $395,786 का मुआवजा देने और $8 मिलियन का आपराधिक जुर्माना भरने की सजा सुनाई गई है। अमेरिकी उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग को खतरनाक एयर कंडीशनर के बारे में रिपोर्ट न करने के लिए यह कार्रवाई की गई। इन एसी से 40 से ज्यादा आग लगने की घटनाएं हुईं और एक व्यक्ति की मौत भी हो गई।

2008 से 2014 के बीच कंपनी ने चीन में निर्मित 33,000 से ज्यादा खराब एयर कंडीशनर आयात किए और अमेरिका में बेचे। इनमें खराब ड्रेन मोटर लगी थी, जिसके कारण शॉर्ट सर्किट होकर आग लग जाती थी और आग तेजी से फैल जाती थी। कंपनी ने 2021 में इन मॉडलों को वापस मंगाया था। अगस्त 2025 में कंपनी ने आपराधिक मामले में अपना दोष स्वीकार कर लिया। उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा अधिनियम (CPSA) के तहत कंपनी पर आरोप था कि उसने जानबूझकर एयर कंडीशनर से जुड़ी खतरनाक जानकारी CPSC को तुरंत नहीं दी।

नवंबर 2010 में रॉयल सोवरेन ने CPSC को गुमराह किया। कंपनी ने एजेंसी को बताया कि उसे एयर कंडीशनर से जुड़ी सिर्फ दो आग लगने की घटनाओं की जानकारी है और अब वह उन्हें नहीं बेच रही है।

# इंश्योरेंस सेक्टर में सौ प्रतिशत एफडीआई को सरकार की मंजूरी

### ऑटोमैटिक रूट से विदेशी निवेश का रास्ता साफ, एलआईसी में लिमिट 20% ही रहेगी

मुंबई, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार (2 मई) को इंश्योरेंस सेक्टर में 100% फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट यानी FDI को मंजूरी दे दी है। अब विदेशी निवेशक ऑटोमैटिक रूट के जरिए भारतीय इंश्योरेंस कंपनियों में पूरी हिस्सेदारी ले सकेंगे, हालांकि LIC के लिए निवेश की सीमा 20% पर ही बरकरार रखी गई है। सरकार के नोटिफिकेशन के मुताबिक, इंश्योरेंस सेक्टर में विदेशी निवेश बीमा अधिनियम-1938 के प्रावधानों के अधीन होगा। निवेश प्राप्त करने वाली कंपनियों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे बीमा और संबंधित गतिविधियों के लिए इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (IRDAI) से आवश्यक लाइसेंस या मंजूरी प्राप्त करें।

इसके साथ ही नियमों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिस भारतीय




बीमा कंपनी में विदेशी निवेश होगा, उसके बोर्ड के चेयरपर्सन, मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) या चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) में से कम से कम एक व्यक्ति भारतीय नागरिक होना चाहिए। लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (LIC) के मामले में सरकार ने अलग फ्रेमवर्क रखा है। LIC में ऑटोमैटिक रूट के तहत विदेशी निवेश की अधिकतम सीमा 20% ही रहेगी। LIC में होने वाला यह निवेश लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन एक्ट 1956 और बीमा अधिनियम 1938 के उन प्रावधानों के अनुपालन के अधीन होगा जो LIC पर लागू होते हैं।

### दिसंबर में पास हुआ था बिल

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) ने फरवरी में ही इस संबंध में जानकारी दी थी। इससे पहले दिसंबर 2025 में संसद ने 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025' पारित किया था।

इस कानून के जरिए बीमा क्षेत्र से जुड़े तीन प्रमुख कानूनों—बीमा अधिनियम 1938, एलआईसी अधिनियम 1956 और IRDAI अधिनियम 1999 में जरूरी बदलाव किए गए हैं।

## ईरान बोला वो किसी समझौते को नहीं मानता, उसके वादे दिखावटी होते हैं

# अमेरिका की हर गलत हरकत का कड़ा जवाब देंगे : ईरान

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना



और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा। ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर कहा है कि उन्हें इसके लिए संसद से इजाजत लेने की जरूरत नहीं है। जो लोग इसकी मांग कर रहे हैं, वे देशभक्त नहीं हैं। व्हाइट हाउस ने संसद को आधिकारिक तौर पर बताया कि ईरान युद्ध अब खत्म हो चुका है। उस इलाके में अभी भी अमेरिकी सेना मौजूद है, इससे फर्क नहीं पड़ता।

### दक्षिण लेबनान में तेज हुए हमले

दक्षिण लेबनान में हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। पिछले 12 घंटों में इजराइली हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है और कई इलाकों में लगातार धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण लेबनान के ऊपर ड्रोन लगातार उड़ रहे हैं और अलग-अलग जगहों पर हमले जारी हैं। चिहिने इलाके में एक बड़ा धमाका हुआ, जिसे इजराइली सेना कंट्रोल्ड डिमोलिशन बता रही है। वहीं अल-तुफाह जिले के अर-रैहान कस्बे में भी जोरदार हमला हुआ, जिसकी आवाज दूर तक सुनी गई। हालात ऐसे बन रहे हैं कि हाल ही में जो लोग सीजफायर के बाद अपने घर लौटे थे, वे फिर से पलायन पर मजबूर हो सकते हैं।

### ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के दोषी दो लोगों को फांसी दी

ईरान ने शनिवार को कहा कि उसने इज़राइल के लिए जासूसी करने के दोषी दो लोगों को फांसी दी है। ज्यूडिशियरी के न्यूज आउटलेट, मिजानऑनलाइन ने कहा कि यागूब करीमपुर पर इजराइल की मोसाद इंटेलिजेंस एजेंसी के एक अफसर को सेंसिटिव जानकारी भेजने का आरोप था, जबकि नासिर बेकर-जादेह ने सरकार और धार्मिक नेताओं के साथ-साथ नतांज के बारे में भी जानकारी भेजी थी। यह शहर एक न्यूक्लियर एनरिचमेंट फैसिलिटी का घर है जिस पर पिछले साल इजराइल और US ने बमबारी की थी।

**चर्चा : एपल सीईओ टिम कुक की तारीफ की, ग्रेग एबेल ने पहली बार मीटिंग लीड की**

# बर्कशायर हैथवे की मीटिंग में स्वेटर पहनकर पहुंचे वॉरेन

ओमाहा, अमेरिकी, एजेंसी

बर्कशायर हैथवे की सालाना शेयरहोल्डर्स मीटिंग 1 मई को हुई। कंपनी के नए CEO ग्रेग एबेल पहली बार मीटिंग लीड किया। 93 साल के वॉरेन बफेट जो आमतौर पर सूट-बूट में दिखते हैं, इस बार स्वेटर में पहली रो में बैठे नजर आए।

रिटायरमेंट मोड में दिख रहे बफेट ने मीटिंग में एपल में किए गए अपने निवेश और CEO टिम कुक की कामयाबी की कहानी सुनाई। बफेट ने कहा कि टिम कुक ने स्टीव जॉब्स जैसे लेजेंड की जगह ली और खुद को साबित करके दिखाया।

बफेट ने बताया कि एपल में किया गया निवेश बर्कशायर के लिए



वॉरेन बफेट जो आमतौर पर सूट-बूट में दिखते हैं, इस बार स्वेटर में पहली रो में बैठे नजर आए।

जैकपॉट साबित हुआ है। 35 बिलियन डॉलर का वह शुरुआती निवेश आज बढ़कर 185 बिलियन डॉलर (करीब 15.42 लाख करोड़ रुपए) हो चुका है।

**बफेट ने हालांकि मैनेजमेंट से दूरी बना ली है, लेकिन एपल जैसे बड़े निवेश पर उनकी बातों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया। बर्कशायर के पोर्टफोलियो में एपल आज भी सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखता है।**

इसमें डिविडेंड और शेयरों की बढ़ी हुई कीमत दोनों शामिल हैं। अपने मजाकिया अंदाज में बफेट बोले, 'इतना पैसा बनाने के लिए मुझे एक धेला भी काम नहीं करना पड़ा। हम बर्कशायर में दूसरों से काम कराने और पैसे बटोरने में काफी माहिर हैं।'



### 10 साल पहले 35 बिलियन डॉलर का जुआ खेला था

बफेट ने मीटिंग में याद दिलाया कि करीब एक दशक पहले बर्कशायर ने एपल पर एक बड़ा दांव खेला था। उस वक्त कंपनी ने अपने कुल संसाधनों का लगभग 10% यानी 35 बिलियन डॉलर (करीब 2.91 लाख करोड़ रुपए) एपल के शेयरों में लगा दिए थे। बफेट ने कहा, 'तब टिम कुक को औसत अमेरिकी निवेशक भी ठीक से नहीं जानता था। हमने इतनी बड़ी रकम एक ऐसे शख्स के हाथ में सौंप दी थी, जिसने एक लेजेंड (स्टीव जॉब्स) के बाद कमान संभाली थी।'

### बफेट बोले- टिम कुक खड़े हों और तालियां स्वीकार करें

मीटिंग के दौरान बफेट ने दर्शकों के बीच बैठे टिम कुक को खड़े होने के लिए कहा। उन्होंने शेयरहोल्डर्स से कहा कि वे टिम कुक का शुक्रिया अदा करें। बफेट ने कहा, 'स्टीव जॉब्स के जाने के बाद हर कोई सवाल कर रहा था कि एपल को कौन संभालेगा? स्टीव की मौत के बाद टिम ने जिम्मेदारी ली। स्टीव जॉब्स जैसे दिग्गज की जगह लेना और उनके रिकॉर्ड को पार करना अमेरिकी बिजनेस मैनेजमेंट के करिश्मों में से एक है।'

## इजरायल की चेतावनी और खाली होने लगे लेबनान के गांव

नई दिल्ली, एजेंसी

इजरायल की सेना ने दक्षिणी लेबनान के कई गांवों और कस्बों के निवासियों को अपने घर तुरंत खाली करने का आदेश दिया है। यह आदेश ऐसे समय में जारी किया गया है, जब हिजबुल्ला और इजरायल के बीच संघर्ष रोकने के लिए युद्धविराम लागू है।

इजरायली सेना के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाय अद्रई ने सोशल मीडिया पर कहा कि लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए तुरंत घर छोड़कर कम से कम 1000 मीटर दूर खुले इलाकों में जाना चाहिए। यह चेतावनी 10 से अधिक गांवों और कस्बों पर लागू होती है, जिनमें नबातियेह जिले के वे इलाके भी शामिल हैं जो लितानी नदी के उत्तर में हैं, जबकि इजरायली सेना की तैनाती नदी के दक्षिण में है।

लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में



इजरायल ने हवाई हमले किए, जिनमें कुछ ऐसे क्षेत्र भी शामिल हैं जिन्हें खाली करने का आदेश नहीं दिया गया था।

17 अप्रैल से अमेरिका की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच एक नाजुक युद्धविराम लागू है, जिसका उद्देश्य हिजबुल्ला और इजरायल के बीच हिंसा रोकना था। इसके बावजूद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और लगातार हमलों की खबरें सामने आ रही हैं।

इजरायल के सेना प्रमुख एयाल जामिर ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि हिजबुल्ला के खिलाफ कार्रवाई 'येलो लाइन' से आगे भी की जाएगी, जो इजरायल के नियंत्रण वाले क्षेत्र को दर्शाती है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96